कोटद्वार,शुक्रवार
12 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 251 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## धामी कैबिनेट का बड़ा फैसलाः निकायों में शामिल होंगे छावनियों के सिविल क्षेत्र

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज गुरुवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक राज्य सचिवालय में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि राजकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के स्वीकृत व रिक्त पदों के सापेक्ष अस्थायी व्यवस्थान्तर्गत वर्तमान शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए संविदा शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। वहीं, प्रदेश के छावनी परिषद क्षेत्रों से नागरिक क्षेत्रों को पृथक करते हुए निकटवर्ती नगर निकाय में सम्मलित किए जाने व पृथक नगर निकाय बनाए जाने के को लेकर निर्णय हुआ।



**ये हुए फैसले**

1-वन टाईम सेटलमेंट स्कीम, 2023-24 योजना की शर्तों में संशोधन किये जाने का निर्णय।

2- राजकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के स्वीकृत व रिक्त पदों के सापेक्ष अस्थायी व्यवस्थान्तर्गत वर्तमान शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए संविदा शिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

3- ग्रेटर दून विकास प्राधिकरण लिमिटेड को समाप्त किया जाएगा।

4- राज्य में प्रचलित नजूल नीति, 2021 के प्रभावी व लागू रहने की अवधि बढ़ाई जाएगी।

5- कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 395 (ब) के अनुपालन में उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 के वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदन को विधान सभा के पटल पर रखे जाने संबंधी अनुमोदन।

6- उत्तराखंड आयुष विभाग आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा संवर्ग, समूह 'क' सेवा नियमावली, 2011 (यथा संशोधित) में अग्रेत्तर संशोधन किया जाएगा।

7- गौलापार (हल्द्वानी) में उच्च न्यायालय की स्थापना के लिए प्रस्तावित स्थल के आस-पास के क्षेत्र को फ्रीज जोन घोषित किया जाएगा।

8- सिविल कोर्ट परिसर खटीमा, ऊधमसिंहनगर में 135 210 वर्गफीट भूमि अधिवक्ता चैंबर निर्माण हेतु बार एसोसिएशन खटीमा को 90 वर्ष के स्थान पर 30 वर्ष हेतु लीज पर दिया जाएगा।

9- पेराई सत्र 2023-24 के लिए प्रदेश की सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों को बैंको से ऋण लिये जाने हेतु शासकीय प्रत्याभूति प्रदान किया जाएगा।

10- केदारनाथ धाम एराइवल प्लाजा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के अन्तर्गत अति विशिष्ट प्रकार की ओम कलाकृति का स्ट्रक्चर ब्रास धातु का बनाया गया है। कार्य में एकरूपता बनाये रखने के दृष्टिगत उस ओम मूर्ति के पैडस्टल का निर्माण कार्य इनफाइन आर्ट वैन्चर कराया जाएगा।

11- बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के विभिन्न सेवा संवर्गों के सीधी भर्ती के पदों पर संविलियन नियमावली, 2023 को प्रख्यापित किया जाएगा।

12- राज्य बांध सुरक्षा संगठन, उत्तराखण्ड द्वारा तैयार वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 को मा० विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय।

13- प्रदेश के छावनी परिषद, क्षेत्रों से नागरिक क्षेत्रों को पृथक करते हुए निकटवर्ती नगर निकाय में सम्मलित किए जाने व पृथक नगर निकाय बनाये जाने के को लेकर निर्णय हुआ।

14- हरिद्वार एवं ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना को संचालित किए जाने व गठित एसपीवी को निरस्त या स्थानांतरित किया जाएगा।

15- कैबिनेट बैठक में राज्य विधान सभा के आगामी सत्र को आहूत करने के लिए कैबिनेट की ओर से मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया।

## अयोध्या नहीं जाएंगे सोनिया-खड़गे, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को बताया राजनीतिक इवेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से कांग्रेस ने इनकार कर दिया है। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन समेत सभी कांग्रेस नेता इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने कहा है कि यह कार्यक्रम भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए आयोजित किया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक लेटर शेयर किया है, जिसमें उसने राम मंदिर के उद्घाटन में न जाने के फैसले का कारण बताया है। इसमें कांग्रेस ने लिखा है कि धर्म निजी मामला है, लेकिन भाजपा और आरएसएस ने मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को अपना इवेंट बना लिया है।भाजपा और आरएसएस के नेताओं की तरफ से अधूरे मंदिर का उद्घाटन जाहिर तौर पर चुनाव में फायदा पाने के लिए किया जा रहा है, इसलिए करोड़ों लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी ने इस इवेंट का निमंत्रण ससम्मान ठुकरा दिया है। उधर, कांग्रेस के इस फैसले पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का भगवान राम विरोधी चेहरा देश के सामने है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में, जिस पार्टी ने अदालत के समक्ष हलफनामा दायर किया था कि भगवान राम एक काल्पनिक चरित्र हैं।

## राजौरी और पुंछ में आतंकी हमलों को सेना प्रमुख ने बताया चिंताजनक

### बीते साल 27 जवान हुए शहीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिले में पिछले कुछ महीनों के दौरान आतंकवादी हमलों की घटनाओं में वृद्धि के बीच सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को कहा कि राजौरी और पुंछ जिलों में स्थिति चिंता का विषय है और सेना इससे निपटने के लिए अनेक कदम उठा रही है। सेना प्रमुख ने कहा कि उत्तर में चीन के साथ लगती सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। जनरल पांडे ने गुरुवार को यहां सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि पिछले पांच छह महीने के दौरान की आतंकवादी घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में वर्ष 2017-18 तक शांति की स्थिति थी लेकिन सीमा पार से छद्म युद्ध के तहत विभिन्न तंजीमों को



उकसाया जा रहा है और पड़ोसी देश की सेना इस क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष 70 से अधिक आतंकवादी मारे गए और 27 सैनिक शहीद हुए जिनमें से 20 अकेले राजौरी और पुंछ में शहीद हुए हैं। उन्होंने माना कि इन क्षेत्रों में आतंकवादी घटनाएं बढ़ने का कारण खुफिया जानकारी की कमी और स्थानीय लोगों के साथ सेना के जुड़ाव में कमी है। उन्होंने कहा कि इन कमियों को दूर करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं और क्षेत्र में तैनात विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी तालमेल बढ़ाया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की स्थिति कायम है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन सेना उनका मुंहतोड़ जवाब देती है और उन्हें विफल भी करती है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी ड्रोन प्रणाली के द्वारा तस्करी की कोशिशें को विफल किया जा रहा है।चीन के साथ लगती उत्तरी सीमा से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि वहां स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। दोनों देशों के बीच समस्याओं के समाधान के लिए कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर नियमित रूप से बातचीत हो रही है। क्षेत्र में भारतीय सेना की संचालन तैयारी बहुत मजबूत हैं और बड़ी संख्या में सैनिक वहां तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभी भारतीय सेना की पहली प्राथमिकता वर्ष 2020 की यथास्थिति को बहाल करना है। इसके बाद दूसरे मुद्दों के समाधान पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तब तक उत्तरी सीमा पर जरूरत के हिसाब से सेना की पूरी ताकत से तैनाती रहेगी।एक अन्य सवाल के जवाब में जनरल पांडे ने कहा कि भारत म्यांमार सीमा पर भी स्थिति चिंता का विषय है।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से राहत, 6 महीने के लिए बढ़ाई अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले के आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को खराब स्वास्थ्य के कारण दी गई अंतरिम जमानत की अवधि गुरुवार को छह महीने के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अनापत्ति के बाद जमानत अवधि बढ़ाने का आदेश दिया। पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलों को रिकॉर्ड में लिया कि अगर अदालत मलिक को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का फैसला करती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

## आदर्श चंपावत से आदर्श उत्तराखण्ड का मॉडल बनेगा : धामी

### सीएम ने चंपावत के लाभार्थियों से किया वर्चुअल संवाद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद चम्पावत के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने वाले लोगों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। आदर्श चंपावत से आदर्श उत्तराखण्ड का मॉडल बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से केंद्र व राज्य सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का लोगों को तेजी से लाभ मिला है। केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई कार्य संस्कृति



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लाभार्थियों से वचुअल के माध्यम से संवाद करते हुए।

बनी है। लोगों को योजनाओं का लाभ उनके घरों पर जाकर दिया जा रहा हैं। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले लोगों से आह्वान किया कि अन्य पात्र लोगों को भी इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चलाई जा रही हैं। दिव्यांग पेंशन प्रतिमाह 1200 रूपये से बढ़ाकर 1500 रूपये की है। अब प्रत्येक पात्र पति-पत्नी को वृद्धावस्था पेंशन भी बढ़ाकर प्रतिमाह 1500 रूपये की गई है। पहले यह धनराशि परिवार में केवल एक को मिलती थी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य हुआ है। राज्य में भी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य में मातृशक्ति द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। राज्य की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे अनेक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। हमें उत्पादों की पैकेजिंग और मार्केटिंग की दिशा में और कार्य करने होंगे। इस अवसर पर अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, आनन्द स्वरूप, वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी चम्पावत नवनीत पाण्डे और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### लाभार्थियों ने साझा किये अनुभव

**देहरादून** : मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान चम्पावत के लक्ष्मी दत्त ने बताया कि उन्होंने पीएम स्वनिधि के तहत पहले 10 हजार और फिर 20 हजार का लोन लिया। वे इस लोन को पूरा कर चुके हैं, अब 50 हजार का लोन लेने वाले हैं। लक्ष्मी दत्त ने बताया कि वे विकलांग हैं, विकलांग पेंशन के साथ पी.एम. स्वनिधि योजना का लाभ मिलने से उन्हें बहुत मदद मिली है। एनआरएलएम से जुड़ी श्रीमती कविता ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के जरिये वे पिरूल के गुलदस्ते, टोकरी, राखी तथा आवंले और अदरक की कैंडी बना रही हैं, जिससे उनको अच्छी आय प्राप्त हो रही है। रोहित सिंह मेहर ने बताया कि उनके द्वारा मत्स्य पालन के लिए 08 तालाबों को निर्माण किया जा रहा है, इसके लिए उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के बाद 60 हजार रूपये की सब्सिडी मिली है।

# अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने की मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के कार्यों की समीक्षा



देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत आने वाले मंदिरों से अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को जोड़ने के लिए 15 अप्रैल से एक रेल सेवा मानसखण्ड एक्सप्रेस प्रारम्भ किये जाने पर कार्य चल रहा है। यह रेल सेवा कोलकाता से टनकपुर तक संचालित की जाएगी। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए टनकपुर से पूर्णागिरी, हाटकालिका, पाताल भुवनेश्वर, जागेश्वरधाम, गोल्ज्यू देवता मंदिर, नन्दा देवी, कैंची धाम आदि मानसखण्ड मंदिर माला के अन्य मंदिरों तक स्थानीय बस व अन्य परिवहन सेवाओं को संचालित किया जाएगा। केएमवीएन के अतिथि गृह, होम स्टे, स्थानीय होटल आदि तथा हुनर योजना के तहत प्रशिक्षित स्थानीय गाइड्स पर्यटकों के आतिथ्य में सहयोग करेंगे। पर्यटकों की वापसी के लिए काठगोदाम से कलकता के लिए रेल सेवा उपलब्ध रहेगी। सचिवालय में मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान एसीएस राधा रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग को मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत मंदिरों को जोड़ने वाली अप्रोच रोड्स के चौड़ीकरण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में एसीएस राधा रतूड़ी को पर्यटन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत चिह्नित कुमाऊँ मण्डल के सभी 16 मंदिरों के अलग-अलग मास्टर प्लान अनुमोदित हो चुके हैं। इनमें से 9 मंदिरों की डीपीआर तैयार हो चुकी है। इनमें से अधिकांश मंदिरों का शिलान्यास जल्द हो जाएगा। मंदिरों के सौन्दर्यीकरण एवं विकास का कार्य कलस्टर अप्रोच के साथ किया जा रहा है। एसीएस रतूड़ी ने मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत आने वाले सभी मंदिरों सौन्दर्यीकरण के साथ ही इनसे जोड़ने वाली अप्रोच रोड के चौड़ीकरण के कायों को भी साथ-साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग को सिंगल लाइन सड़कों को डबल लाइन में बदलने के कायों को जल्द समाप्त करने के निर्देश जारी हुए हैं।

# चमनलाल पीजी कॉलेज की 7 छात्राओं ने यूनिवर्सिटी मेरिट में पाया स्थान, दो टॉपर





रुड़की। चमनलाल पीजी कॉलेज की 7 छात्राओं ने यूनिवर्सिटी मेरिट में स्थान हासिल किया है। इनमें से दो छात्राओं ने यूनिवर्सिटी टॉप किया है। श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ने विगत सत्रों की टॉपर्स लिस्ट जारी कर दी है। इस सूची में स्नातक तथा स्नातकोत्तर की विभिन्न उपाधियां में टॉप 3 स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं के नाम जारी किए गए हैं। इस बार चमनलाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी मेरिट में 7 स्थान प्राप्त किए हैं। एमए होम साइंस में अंजलि प्रदीप चौधरी ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ यूनिवर्सिटी टॉप की है। इस विषय में दूसरे स्थान पर भी चमनलाल महाविद्यालय की छात्रा पूर्णिमा शर्मा रही हैं। स्नातकोत्तर स्तर पर ड्राइंग एंड पेंटिंग विषय में निशा कंचन ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ यूनिवर्सिटी मेरिट में तीसरा स्थान हासिल किया है। एमलिब उपाधि में नेहा ने 72 फीसद अंकों के साथ दूसरा और वैशाली पुंडीर ने 70 फीसद अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है।बीएससी होम साइंस में भी महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी योग्यता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस उपाधि में पहला और तीसरा स्थान चमनलाल महाविद्यालय की छात्राओं को प्राप्त हुआ। शिवानी सेठपाल ने 77 प्रतिशत अंकों के साथ यूनिवर्सिटी टॉप की, जबकि सना परवीन ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### रैश ड्राइविंग के कारण हुआ चीला का हादसाः वन मंत्री

हरिद्वार। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि वीडियो को देखकर लग रहा है कि रैश ड्राइविंग (लापवाही से वाहन चलाना) के कारण ही चीला हादसा हुआ है। चालक संभवतः कंट्रोल नहीं कर पाया है। घटना के जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मुआवजा देगी, लेकिन अधिकारियों की क्षति को पूरा नहीं किया जा सकता है। यह बातें उन्होंने वार्डन के अंतिम संस्कार के बाद मीडिया से बातचीत में कही।

चीला रेंज में इलेक्ट्रिक वाहन के ट्रायल के दौरान हुए हादसे में जान गंवाने वाली वार्डन आलोकी का खड़खड़ी श्मशान घाट पर गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। अंत्येष्टि पर श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। रिश्तेदारों, परिचितों, अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने नम आंखों के साथ अंतिम विदाई दी। सोमवार को ट्रायल के लिए आए वाहन से हादसा होने के कारण शैलेश घिल्डियाल (रेंज अधिकारी), प्रमोद ध्यानी (रेंजर), सैफ अली खान पुत्र खलील उल रहमान, कुलराज सिंह की मौत हो गई थी, जबकि वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी शक्ति नहर में लापता हो गई थीं। गुरुवार सुबह आलोकी का शव मिला था। दोपहर में अंतिम संस्कार हरिद्वार में किया। इस दौरान वन मंत्री सुबोध उनियाल, जिलाधिकारी धीरज सिंह गर्ब्याल, पूर्व दर्जाधारी संजय पालीवाल, एसडीएम अजयवीर सिंह, सीओ सिटी जूही मनराल के अलावा डायरेक्टर राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क साकेत बडोला, डीएफओ नीरज शर्मा, पूर्व डीएफओ किशन चंद आदि ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### निर्वाचन नामावलियों पर 15 तक दर्ज करें आपत्ति

रुड़की। सामान्य निकाय निर्वाचन नामावलियां बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। निर्वाचन नामावलियों को नगर पालिका कार्यालय में आम जनता के लिए उपलब्ध कराया गया है ताकि किसी भी संशोधन के लिए दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकें। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए तैयारी शुरू हो गई है। कोई भी व्यक्ति नगर पालिका कार्यालय में 15 जनवरी तक पहुंचकर नामावलियों का निरीक्षण कर सकता है। साथ ही किसी प्रकार की त्रुटि संशोधित करा सकते हैं। सामान्य निर्वाचन स्थानीय निकाय 2024 के सहायक नोडल अधिकारी तारिक खान ने बताया कि गत नौ जनवरी से नगर पालिका कार्यालय में सभी 20 वार्डों से संबंधित निर्वाचन नामावलियां उपलब्ध हैं।

# एक दर्जन मोटरसाइकिल के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार




रुड़की। भगवानपुर थाना पुलिस ने दो पहिया वाहन चोर गिरोह को पकड़ने के साथ ही उनकी निशांत दही पर चोरी की गई एक दर्जन मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस में पकड़े गए वाहन चोरों का विभिन्न धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया है।बृहस्पतिवार भगवानपुर थाने में वाहन चोरी का खुलासा करते हुए एसपी देहात स्वप्न किशोर ने बताया कि थाना भगवानपुर पर विभिन्न तिथियों में ईएफआईआर के माध्यम से पीड़ित पंकज कुमार, अभिषेक शर्मा, तनवीर व श्रीनिवास द्वारा स्वंय की मोटरसाईकिलो के अलग-अलग स्थानों से चोरी होने के संबंध में मुकदमा दर्ज करा रखा था। घटनास्थलों को चिन्हित कर बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने एवं इन घटनाओं से सम्बन्धित गिरोहों को जेल की राह दिखाने के लिए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों पर देहात एवं सिटी क्षेत्र में विभिन्न टीमें गठित की गई हैं। इसी के चलते थाना भगवानपुर क्षेत्र में गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार एक्टिव रहकर घटनास्थलों का विश्लेषण करते हुए बुधवार को चैकिंग के दौरान दौड़बसी चौक भगवानपुर के पास से 2 संदिग्ध को दो चोरी की मोटर साईकिलों सहित दबोच लिया। पकड़े गए युवकों से जब सखती के साथ पूछताछ की गई तो पूछताछ में सामने आया कि आरोपी इन वाहनों को बेचने के लिए सहारनपुर उ0प्र0 की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने इनकी निशादेही पर ग्राम चानचक में एक आम के बाग़ में छिपाकर रखी गई चोरी की अन्य 10 मोटरसाईकिल भी बरामद की। दोनों साथ मिलकर अलगअलग स्थानों से मोटर साईकिले चोरी करते थे और उन्हे सुनसान जगह छिपाकर सौदा होने पर राह चलते लोगो को औनेझपौने दामों में बेच देते थे। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अंकुर त्यागी पुत्र विकास त्यागी निवासी ग्राम माठकी झरौली थाना बेहट जिला सहारनपुर हाल निवासी चाँद कालौनी थाना भगवानपुर, अनित उर्फ़ अनिकेत पुत्र सौरण सिंह निवासी ग्राम डेहरा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर हाल चाँद कालौनी थाना भगवानपुर बताया है।

### नेपाल से लेकर बिहार तक छापेमारी में जुटी पुलिस

हरिद्वार। मोबाइल फोन शॉप से कई लाख के मोबाइल फोन ले उड़े आरोपियों की तलाश में सिडकुल पुलिस कई राज्यों में छापेमारी करने में जुटी है। नेपाल में भी एक पुलिस टीम पहुंची है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। पिछले माह 18 तारीख को ब्रह्मपुरी रावली महदूद से पहले बैरियर नंबर छह के पास सुमित पुंडीर की मोबाइल फोन शॉप में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। शटर के ताले चटकाकर करीब 30 लाख रुपये के मोबाइल फोन और तीन लाख की नकदी चोरी कर ली गई थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि वारदात में शामिल आरोपी अलग-अलग होकर गलियों से फरार हो गए थे। दुकानदार की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। एसएसपी प्रमेंद सिंह डोबाल के निर्देश पर स्थानीय पुलिस और सीआईयू की टीमें वारदात के खुलासे में जुटी है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए अलग अलग टीमें बिहार से लेकर नेपाल तक छापेमारी कर रही हैं। लेकिन कोई महत्वपूर्ण क्लू नहीं मिल सका है। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### रेलवे स्टेशन के बाहर वेंडिंग जोन बनाए जाएं

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन से जुड़े बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, अपर रोड, रेलवे रोड, चंद्राचार्य चौक, आर्य नगर चौक के लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने निगम पहुंचकर सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। इस मौके पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली के अनुसार शासन के निर्देश पर फेरी समिति का गठन किया जा चुका है। इसके तहत सभी लाइसेंस धारक रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को बस अड्डा, रेलवे स्टेशन के बाहर टैक्सी स्टैंड की तर्ज पर अलग से वेंडिंग जोन के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन द्वारा फेरी समिति की शीघ्र बैठक बुलाकर सेक्टर-2 बैरियर भगत सिंह चौक के वेंडिंग जोन के लाभार्थियों की सूची के अनुसार भुगतान कर चुके लघु व्यापारियों की लकी ड्रा निकालकर वेंडिंग जोन व्यापारी गतिविधियों के लिए संचालित किया जाना चाहिए। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा नगर आयुक्त के निर्देश पर एक सप्ताह के भीतर फेरी समिति की बैठक बुलाई जाएगी।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई जल स्रोत एवं नदी पुनरोद्धार प्राधिकरण की बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में सचिवालय में जल स्रोत एवं नदी पुनरोद्धार प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड एक पर्वतीय प्रदेश होने के कारण मानसून सीजन के 3 महीनों में प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाली वर्षा का लगभग 90 प्रतिशत जल नदियों में बह जाने के कारण किसी भी प्रयोग में नहीं आ पाता और पर्वतीय क्षेत्रों में बाकी महीनों में पानी की कमी बनी रहती है।

मुख्य सचिव ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा के जल को लाखों की संख्या में चेकडैम बनाकर संग्रहित कर भूजल को बढ़ाया जा सकता है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में सूख रहे जलस्रोतों को रिचार्ज किए जाने में सहायता मिलेगी, साथ ही, पर्वतीय क्षेत्रों के जल स्रोतों एवं नदियों में वर्षभर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भूभाग का 70 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र है, इसलिए, वन विभाग को इसके लिए महत्त्वपूर्ण एवं एक्टिव भूमिका निभानी होगी।

मुख्य सचिव ने रङफफङ को चेक डैम बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि मास्टर प्लान में प्राथमिकता को पहले से निर्धारित किया जाए। बिना समस्या वाले ऐसे स्थान जहां कम से कम तैयारी में तुरन्त कार्य शुरू किया जा सकता उनको प्राथमिकता में रखा जाए। उन्होंने कहा कि अगले 1 साल, 2 साल, 5 साल और 10 साल के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य के अनुसार योजना की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा प्रत्येक नदी के लिए अधिकारी नियुक्त कर ऐसे स्थानों को चिन्हित कर प्रदेश को सैचुरेट किया जाए जहां नदी की स्प्रिंग में चेक डैम बनाकर पानी का संग्रहण किया जा सके।

# ठंड का दंश झेल रहे आपदा पीड़ित, सिस्टम नहीं दे रहा ध्यान

## छह माह से सड़क किनारे टेंट लगाकर रह रहे आपदा प्रभावित , टेंट में रह रहे बच्चे व बुजुर्गों को ठंड में बीमारी का खतरा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पुनर्वास के इंतजार में काशीरामपुर तल्ला में आपदा पीड़ित सड़क किनारे टेंट लगाकर दिन काट रहे हैं। हालत यह है कि अब लगातार बढ़ रही ठंड ने इन आपदा पीड़ितों की चुनौती बढ़ा दी है। कोहरे व शीतलहर के बीच आपदा पीड़ितों का टेंट के भीतर रहना भी दूभर हो गया है। शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम आपदा पीड़ितों की सुध नहीं ले रहा। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है।

13 व 14 अगस्त को हुई अतिवृष्टि से खोह नदी उफान पर बनी हुई थी। जिससे गाड़ीघाट, काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में करीब 33 भवन नदी की भेंट चढ़ गए थे। प्रशासन ने आपदा प्रभावितों को आसपास के स्कूल भवन व धर्मशालाओं में शिफ्ट कर दिया था। लेकिन, एक सप्ताह बाद ही आपदा प्रभावितों को स्कूल व धर्मशाला खाली करने का फरमान सुनाया गया। जिसके बाद कुछ परिवार तो किराए के कमरों में चले गए थे। लेकिन, कई परिवार अब भी काशीरामपुर तल्ला में सड़क किनारे टेंट लगाकर रह रहे हैं। हल्के टेंट में रह रहे इन परिवारों को ठंड का दंश झेलना पड़ रहा है। ऐसे में यह ठंड कब परिवार के जनों के जीवन पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।



कोटद्वार के काशीरामपुर तल्ला में सड़क किनारे टेंट लगाकर रहते परिवार

### बीमारी का बढ़ रहा खतरा

सड़क किनारे टेंट लगाकर रह रहे आपदा पीड़ितों को ठंड में बीमार होने का खतरा बना हुआ है। कई लोग ऐसे भी हैं जिनके पास पर्याप्त रजाई व गद्दे भी नहीं है। ठंड के कारण सबसे अधिक खतरा बच्चों व बुजुर्गों को बना हुआ है। आपदा पीड़ित कई बार प्रशासन से उनके पुर्नवास की भी मांग उठा चुके हैं।

## स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बना रही सरकार

कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना है। इसी के तहत राजकीय बेस चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को भी बेहतर बनाया जा रहा है। सरकार के आश्वासन के बाद बेस अस्पताल में नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति हो गई है। इससे मरीजों को बेहतर लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में पहाड़ के साथ ही उत्तर प्रदेश के बिजनौर से पहुंचे वाले सैकड़ों मरीज स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेते हैं। लेकिन, बदहाल पड़ी स्वास्थ्य व्यस्थाओं से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कुछ दिन पूर्व उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत से इस संबंध में मुलाकात की थी। जिसके बाद अस्पताल में नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति हो गई है। जिला मीडिया प्रभारी विनोद रावत ने कहा कि धरातल पर हो रहे विकास कार्यों का लाभ आमजन को मिल रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, जंग बहादुर रावत, दर्शन सिंह, उमेश त्रिपाठी, महेंद्र सिंह नेगी, नीरुबाला खंतवाल, यशोदा नेगी, लक्ष्मी रावत, नीलम रावत, अनिल रावत, सुरेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

## बंगाल इंजीनियर ग्रुप समिति की बैठक 13 को

कोटद्वार : बंगाल इंजीनियर ग्रुप समिति की बैठक 13 जनवरी को आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष दिवाकर लखेड़ा ने बताया कि बैठक में पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया जाएगा। साथ ही पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने पूर्व सैनिकों से अधिक से अधिक बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की।

## नागरिक मंच ने उठाई भू-कानून व मूल निवास लागू करने की मांग

कोटद्वार : नागरिक मंच ने प्रदेश में सख्ती से भू-कानून लागू करने की मांग की है। कहा कि प्रदेश को बचाने के लिए भू-कानून व मूल निवास अति आवश्यक है। इस दौरान सदस्यों ने प्रदेश के बेहतर विकास के लिए आंदोलन चलाने का भी निर्णय लिया। नागरिक मंच ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि पहाड़ के बेहतर विकास के लिए उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया था। लेकिन, आज मूलभूत सुविधाओं के अभाव में पहाड़ पलायन की मार झेल रहा है। प्रदेश की भूमि को लगातार बाहरी व्यक्तियों को बेचा जा रहा है। यही कारण है कि सरकारी भूमि कब्जे की प्रवृति भी बढ़ रही है। कहा कि देश के स्वतंत्र होने की तिथि से मूल निवास, स्थाई व अस्थाई निवास के मानक निर्धारित होने चाहिए। मंच ने सरकार से प्रदेश के बेहतर विकास के लिए योजनाएं तैयार करने की भी मांग उठाई। कहा कि पहाड़ में पलायन रोकने के लिए योजनाओं को गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, गोविंद डंडरियाल, हर्षवर्धन ध्यानी, विपुल उनियाल, दिनेश जुयाल आदि मौजूद रहे।

## लाभार्थियों को दिए उज्वला गैस कनेक्शन

**पौड़ी** : नगर पंचायत सतपुली में लाभार्थियों को उज्वला गैस कनेक्शन वितरित किये गये। गुरुवार को नगर पंचायत सतपुली में पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में स्थानीय शिवा गैस एजेंसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सौ लाभार्थियों को उज्वला गैस कनेक्शन बांटे गए। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री के सुपुत्र सुयश रावत, खाद्यपूर्ति अधिकारी रविंद्र कुमार, एकेश्वर मंडल अध्यक्ष गणेश रावत, शिवा गैस एजेंसी संचालिका मंजू रावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेनू घिल्डियाल, पीएलबी पुष्पेंद्र राणा, चिरन्जी लाल धस्माना, वेद प्रकाश वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी राय सिंह नेगी, कुलदीप रावत मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र रावत ने किया।

# जयंती पर काउंट सीजर मैटी के योगदान को किया याद

## कोटद्वार इलैक्ट्रोहोम्योपैथिक क्लीनिक में मनाई गई जयंती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बदरीनाथ मार्ग स्थित इलैक्ट्रोहोम्योपैथिक क्लीनिक में इलेक्ट्रो होमियोपैथी के आविष्कारक काउंट सीजर मैटी की जयंती मनायी गई। इस दौरान इलेक्ट्रो होमियोपैथी के तहत बनने वाली प्राकृतिक वनस्पति आधारित दवाईयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दैनिक जन्यत के संपादक नागेंद्र उनियाल व विशिष्ट अतिथि जोशीमठ सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डा. नरेंद्र कुमार थे। अतिथियों ने डा. काउंट सीजर मैटी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इलैक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक डा. आरएस नेगी ने डा. काउंट सीजर मैटी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 11 जनवरी 1809 में डा. काउंट सीजर मैटी जन्म बोलाग्ना शहर इटली में हुआ था। इन्होंने सन 1865 ई. में इलेक्ट्रो होम्योपैथी का आविष्कार किया। डा. काउंट सीजर मैटी ने संयुक्त संयुक्ते समायतिः के सिद्धांत पर औषधियों को तैयार किया। इसकी औषधियां पूर्ण रुप से वनस्पति जगत से निर्मित हैं।

कहा कि आज ही के दिन इलेक्ट्रो होमियोपैथी को मान्यता मिली थी। आमजन को निरोग रहने के लिए अपने जीवन में इलेक्ट्रोहोम्योपैथि को अपनाना चाहिए। इन दवाओं के सेवन में शरीर पर किसी भी तरह का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। यह चिकित्सा सरल व सहज है। इस मौके पर डा. डीएस रावत, जीएस बिष्ट, डा. एके चौहान, डा. त्रिशि पाल, डा. बीएस रावत, डा. सीएम नैथानी, बार एसोसिएशन के बीआरएस बिष्ट आदि मौजूद रहे।



इलेक्ट्रो होमियोपैथी के आविष्कारक काउंट सीजर मैटी को श्रद्धांजलि देते अतिथि

# एलटी शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पौड़ी डायट में शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया। इसमें 91 एलटी शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे है। अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा एसबी जोशी ने बताया कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से दिए जा रहे प्रशिक्षण का यह पहला चरण है। इसमें पौड़ी सहित रुद्रप्रयाग, टिहरी और चमोली जिलों के 91 एलटी शिक्षक हिस्सा ले रहे है। प्रशिक्षण में एलटी शिक्षकों को गणित और विज्ञान विषयों की कठिनाइयों को कम करते हुए सरल भाषा में बच्चों को इन विषयों की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। शिक्षकों को संदर्भदाता गणित और विज्ञान जैसे विषयों को रुचिकर बनाएं जाने के गुर बता रहे हैं। इसके बाद जून में प्रशिक्षण का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। मंडल के करीब साढ़े 4 सौ शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## महासम्मेलन में शहर की समस्याओं पर होगा मंथन

**पौड़ी** : शहर में पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में आगामी 17 जनवरी को महा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महा सम्मेलन में शहर की समस्याओं पर मंथन होगा। इसके बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक नमन चंदोला ने बताया कि यूं तो पौड़ी को पर्यटन नगरी कहा जाता है, लेकिन तमाम संभावनाओं के बाद भी यहां कई समस्याएं साल दर साल से मुंह चिढ़ा रही है। कहा कि शहर में पानी की समस्या के अलावा जल कर, भवन कर इतना है कि आम जन इससे जूझ रहा है। कहा कि शहर में पानी की आपूर्ति आज भी एक दिन में एक ही बार होती है। दो टाइम पेयजल आपूर्ति कराने की मांग भी अधर में है। उन्होंने कहा कि कूड़ा निस्तारण के लिए आज तक शहर में ट्रेंचिंग ग्राउंड नहीं बन पाया। ऐसे में शहर के श्रीनगर मार्ग पर चोपड़ा गदेरे के किनारे कूड़ा डंप किया जा रहा है। इस कूड़े में बार-बार आग लगने से स्थानीय लोग खासे परेशान हैं। लेकिन इस दिशा में आज भी नगर पालिका कूड़ा निस्तारण के लिए ट्रेंचिंग ग्राउंड नहीं बना पाई। कहा कि शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर आगामी 17 जनवरी को पौड़ी के रामलीला मैदान में महा सम्मेलन आहूत किया गया है। जिसमें कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों, व्यापारियों, छात्रों, स्थानीय लोगों के साथ ही विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। कहा कि महा सम्मेलन में समस्याओं के निराकरण के लिए आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# वालीबॉल खेल का रोमांच कल से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से गढ़वाल राइफल्स के संस्थापक लॉट सूबेदार मेजर बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में तीसरा अंतर विद्यालयी बालक-बालिका वर्ग की वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता आईएचएमएस के खेल मैदान में 12 जनवरी (शुक्रवार) से आयोजित की जाएगी। जिसमें क्षेत्र की करीब 18 विद्यालयों की टीम प्रतिभाग कर रही हैं।

संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने बताया कि लॉट सूबेदार मेजर बलभद्र सिंह नेगी स्मृति प्रतियोगिता प्रतिवर्ष संस्थान परिसर में आयोजित की जाती है। विनर और रनर टीम को ट्राफी के साथ ही खिलाड़ियों को मैडल प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने सभी स्कूल के खेल प्रशिक्षकों से समय पर अपनी टीम को लेकर संस्थान पहुंचने की अपील की है।

◆अंतरविद्यालयी वालीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी क्षेत्र की 18 स्कूल की टीम

◆लॉट सूबेदार मेजर बलभद्र सिंह नेगी की स्मृति में आयोजित की जा रही है प्रतियोगिता

### यह विद्यालय करेंगे प्रतिभाग

नवयुग पब्लिक स्कूल, ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल, डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल, आरसीडी पब्लिक स्कूल, एमकेवीएन स्कूल, बलूनी क्लासेज, ब्लूमिंग बेल स्कूल, शांति बल्लभ मैमोरियल स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, स्कालर्स एकेडमी, बाल भारती स्कूल, विद्या मंदिर उमरावनगर, विद्या मंदिर जानकीनगर, जीआईसी सुखरो, डीएवी स्कूल, श्री गुरु राम राय स्कूल, राइजिंग सन्स स्कूल की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

# पुण्यतिथि पर लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेसियों ने समाज हित में लाल बहादुर शास्त्री के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि वे स्वभाव से विनम्र, उच्च आत्म सम्मान और महान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने भारत में खाद्य उत्पादन बढ़ाने के लिए हरित क्रांति को बढ़ावा दिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों व आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। देश हित में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। मौके पर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। श्रद्धांजल अर्पित करने वालों में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, धीरेंद्र बिष्ट, बृजपाल सिंह नेगी, गणेश नेगी, सुनील सेमवाल, विजय माहेश्वरी और प्रमोद रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर निकाली रैली

**पौड़ी :** पौड़ी पुलिस ने बीती 5 जनवरी को अगरोड़ा निवासी राजेश कोली की शिकायत पर चार लोगों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन इस मामले में अभी तक इन लोगों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज शिकायतकर्ता व अनुसूचित जाति के लोगों ने डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर शिकायतकर्ता ने कहा कि दलित समाज से जुड़े लोगों पर लगातार अत्याचार हो रहा है, जिसके चलते आज पौड़ी शहर भर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया है। कहा कि शिकायत पर लंबे समय बाद एससी एसटी व अन्य नियमों के तहत एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन इसके बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि वह अशासकीय विद्यालय में हो रही अनिमियतता का विरोध कर रहे हैं, जिसके चलते कुछ लोग मिलकर उन्हें जाति सूचक शब्द कहने के साथ उन्हें डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में ममता देवी, गोदांबरी, धीरज, रजनी मोर्या, प्रमिला, सोनाली, शांति, संगीता, बिमला, सुशीला, महेश्वरी देवी, सुधा आदि शामिल थे।

## कार्रवाई नहीं होने पर जताया रोष

**श्रीनगर गढ़वाल :** सिद्धपीठ ज्वालपादेवी के पुजारी एवं बूथ नम्बर 115 डांग ऐठाणा मन के बात के संयोजक भास्करानंद अंथवाल ने गत वर्ष एक बैठक में उनके साथ हुए दुर्व्यवहार पर भाजपा मंडल के पदाधिकारी पर कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कई बार उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष को पत्र लिखकर उक्त पदाधिकारी के खिलाफ उनके द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। (एजेंसी)

## महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनें पुलिस कर्मी : कण्डवाल

**श्रीनगर गढ़वाल :** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कीर्तिनगर कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों से थाने में आने वाली पीड़ित महिलाओं से मधुर और सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल कोतवाली कीर्तिनगर पहुंची। वहां उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का औचक निरीक्षण कर महिला संबंधी अपराधों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की शिकायतों को दर्ज कर त्वरित गति से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को महिलाओं के साथ मधुर और सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य महिला आयोग समय-समय पर दूरस्थ क्षेत्रों का दौरा कर महिला सम्बंधित अपराधों की जानकारी लेती रहती है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग लगातार महिलाओं के हितों के लिए कार्य कर रही है। कहा कि पुलिस कर्मी महिलाओं के साथ सौम्य व्यवहार कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उसका निस्तारण करें। इस मौके पर कीर्तिनगर कोतवाली के एसएसआई केआर आर्य, एसआई रीना सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आज

**पौड़ी :** युवा दिवस पर डांगी में एक दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। महिला मंगल दल डांगी की अध्यक्ष नीतू लिंगवाल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस के रूप में शहीद मनीष पटवाल की स्मृति में डांगी में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में आकर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील की है। बताया कि नारी समर्थ भारत एवं राष्ट्रीय सह संयोजिका कुसुम चमोली व पूर्व सभासद यशोदा नेगी संयुक्त रूप से प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रहेंगे।

# मतदान को लेकर लोगों को जागरूक करें

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** आगामी 25 जनवरी को मतदाता दिवस के आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता से संबंध में लोगों को जागरूक करें साथ ही लोगों को ''वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम'' शपथ दिलवाये। कहा कि लोगों को नक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक आयोजन के माध्यम से भी मतदान करने की शपथ दिलवाने, स्थानीय स्कूलों में क्विज व वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ चुनाव शपथ कार्यक्रम भी करवायें।

जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी स्वीप और निर्वाचन कार्यालय को निर्देश दिये कि



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के सांस्कृतिक प्रेक्षागृह में सभी वर्गों के ऐसे मतदाताओं को शामिल करवायें जिनकी मतदान में कम भागीदारी की संभावना रहती है। उन्होंने दिव्यांग मतदाता, बोक्सा जनजाति के मतदाता, दूरस्थ क्षेत्रों के मतदाता तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लोगों को कार्यक्रम में शामिल करवाकर अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं की भी वृहद स्तर पर भागीदारी करवाने को कहा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, पीडी डीआरडीए संजीव कुमार राय, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र गौड़ सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिविर में किया ग्रामीणों की समस्याओं का निदान

**श्रीनगर गढ़वाल :** देवप्रयाग विकासखंड के भल्ले गांव में पीएम किसान सम्मान निधि योजना पर एक दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का निदान किया गया। शिविर संयोजक भल्ले गांव की क्षेत्र पंचायत सदस्य सुमन भट्ट ने बताया कि लम्बे समय से क्षेत्र के ग्रामीणों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पा रहा था। जिसे देखते हुए जिला कृषि विभाग के माध्यम से भल्ले गांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक दर्जन से भी अधिक गांव के किसानों ने शिविर का लाभ उठाया। सामाजिक कार्यकर्ता गणेश भट्ट ने बताया कि शिविर में 22 नए आवेदन प्राप्त हुए और 99 रुकी हुई किसान निधि की समस्या का निदान किया गया। (एजेंसी)

# जल जीवन मिशन के कार्यों को जल्द पूर्ण करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिलाधिकारी ने जल संस्थान, पेयजल निगम, स्वजल आदि विभागों और कार्यदायी संस्था जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को भी जल जीवन मिशन के कार्यों में कार्यदायी संस्थाओं को सहयोग देने के निर्देश दिये इसके अतिरिक्त उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों का थर्ड पार्टी से सत्यापन करने को कहा।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करते हुए जनपद को राज्य स्तर पर अब्बल आने का अच्छा सुअवसर है इसलिए शेष कार्यों को शीघ्रता से



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

निपटायें।

उन्होंने निर्देश दिये कि हर घर जल संयोजन के दौरान इस बात को भी ध्यान रखें कि पानी की गुणवत्ता बेहतर हो। उसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों में पेयजल की टैस्टिंग को बड़े पैमाने पर करते रहें। इस दौरान बैठक में अधीक्षण अभियंता पेयजल मो. मिसम, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान पी.के. सैनी, अधिशासी अभियंता पेयजल वीरेन्द्र भट्ट, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एस.के. राय, पी.एम स्वजल दीपक रावत आदि मौजूद थे।

# अर्जुन व सृष्टि चुने गए सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** जानकी नगर स्थित रितेश शर्मा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अर्जुन सिंह व सृष्टि रावत को सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवी चुना गया। इस दौरान स्वयं सेवियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, प्रबंधक राजेंद्र जखमोला, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रणवीर निर्मोही ने किया। सर्वप्रथम स्वयं सेवियों ने सात दिवसीय शिविर के अनुभवों को साझा किया। स्वयं सेवी अर्जुन सिंह, हर्षित देवरानी, सृष्टि रावत, महिमा गुसाई ने कहा कि सात दिनों में स्वयं सेवियों ने अनुशासन का पाठ सीखा। साथ ही समाज में फैल रही बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। लोगों के घरों में जाकर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा विद्यालय के आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के समापन पर स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

महिमा गुसांई, सुमित रावत, आदित्य असवाल, आयुष नेगी को आदर्श स्वयं सेवी तथा हर्षित देवराडी, महक, दीपांशु रावत, अभिनव नौडियाल, अनीष भंडारी, अंशिका गौड़ को श्रेष्ठ दल नायक चुना गया। इसके अलावा मोनू, निशांत अग्रवाल, निशा कश्यप, सोनिया, तानिया घनशाला को निश्वार्थ सेवाभाव स्वयं सेवी व टीना नेगी, अनुज सकलानी, अशोक को जिज्ञासु स्वयं सेवी चुना गया। इस मौके पर राकेश चमोली, प्रेम, संतोष, रोहित बलोदी, संगीता रावत मौजूद रहे।

## दो लाख के गांजे के साथ दो लोग गिरफ्तार

**पौड़ी :** थाना थलीसैंण पुलिस द्वारा क्षेत्र में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार शाम को चेकिंग के दौरान रसिया महादेव तिराहे पर दो लोगों को 54 किलो अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस ऐक्ट में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार इस अवैध गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो लाख रुपये है। थानाध्यक्ष थलीसैंण सुनील पंवार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर थाना थलीसैंण क्षेत्र में पुलिस सघन चेकिंग अभियान चला रही है। बुधवार शाम को रसिया महादेव तिराहे पर उन्हें दो लोग मिले, जो किसी वाहन का इंतजार कर रहे थे। पुलिस को देखकर वह भागने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान पुलिस ने जयपाल सिंह भंडारी पुत्र जीत सिंह ग्राम नऊरसिया महादेव, बालम सिंह पुत्र मूर्ति सिंह ग्राम नऊ रसियामहादेव को पकड़ कर उनके पास से चार बोरों में 54 किलो अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वह इस अवैध गांजे को किसी सप्लायर को देने के लिए वाहन को इंतजार कर रहे थे। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सुनील पंवार, बीरोंखाल चौकी प्रभारी अमित भट्ट, मनोज सिंह, विनोद नेगी, देवेन्द्र नेगी, हरीश आदि शामिल थे।

## सरकार ने खेल प्रेमियों को दी सौगात

**श्रीनगर गढ़वाल :** विधानसभा श्रीनगर के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने खेल प्रेमियों को एक सौगात दी है। नगर निगम श्रीनगर के अंतर्गत श्रीकोट में स्थित सीडीएस विपिन रावत स्टेडियम के लिए 8 करोड़ 87 लाख 89 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। जिसमें 400 मी. 8 लेन का एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक बनाया जाएगा पौड़ी जनपद के भाजपा मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट के हवाले से मिली खबर के अनुसार कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का कहना है कि श्रीकोट स्थित स्वर्गीय बिपिन रावत स्टेडियम में 400 मी. 8 लेन का ऐथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक बन जाने से समस्त गढ़वाल क्षेत्र की प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलेगा। डॉ. रावत ने कहा कि गढ़वाल क्षेत्र से कई प्रतिभाएं ऐसी थीं, जो मैदान ना होने के कारण पलायन कर जाते थे, लेकिन अब आने वाले समय में खेलकूद के क्षेत्र में लोगों को गढ़वाल क्षेत्र से पलायन नहीं करना पड़ेगा।

# सुल्तान चंद ट्रस्ट ने महाविद्यालय को दी पुस्तकें

**कोटद्वार :** सुल्तान चंद ट्रस्ट संस्था की ओर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को विभिन्न विषयों की किताबें दी गई।

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट ने प्राचार्य जानकी पंवार को किताबें सौंपी। ट्रस्ट ने महाविद्यालय को वाणिज्य, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण विषय की बहुमूल्य 253 किताबें भेंट की। किताबों की कीमत एक लाख 13 हजार 120 है। महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो. जानकी पंवार ने कहा कि सुल्तान चंद ट्रस्ट की तरफ से महाविद्यालय को निःशुल्क किताबें भेंट की गई। किताबें प्राप्त करने के लिए वाणिज्य संकाय की विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति रानी व प्राध्यापिका डा. अंशिका बंसल का अथक प्रयास रहा। कहा कि ट्रस्ट के माध्यम से प्राप्त किताबें महाविद्यालय के



कोटद्वार महाविद्यालय में प्राचार्या को पुस्तकें सौंपते ट्रस्ट के सदस्य।

पुस्तकालय की गुणवत्ता बढ़ाएंगी। छात्रों को भी किताबों का अध्ययन करने से लाभ होगा। इस मौके पर डा. अभिषेक गोयल, डा. आदेश कुमार, डा. अजीत सिंह, डा. भगवत सिंह रावत, डा. संदीप कुमार, डा. प्रियंका अग्रवाल, डा. सुरेखा घिल्डियाल मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया केदारनाथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण



जयन्त प्रतिनिधि। रुद्रप्रयाग : 11वीं ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम की आगामी यात्रा 2024 को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जाने के लिए की जाने वाली तैयारी एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कुंड से गौरीकुंड तक स्थलीय निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया। केदारनाथ यात्रा मार्ग में यात्रा के दौरान जाम की स्थिति से निजात पाने के लिए जिलाधिकारी ने विभिन्न स्थानों पर पार्किंग स्थल भी चिन्हित किये।

जिलाधिकारी ने गुरुवार को यात्रा से जुड़े सभी अधिकारियों के साथ कुंड से लेकर गौरीकुंड तक सड़क, बिजली-पानी की आपूर्ति, पार्किंग सहित आदि अनिवार्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आगामी यात्रा के लिए अभी से सभी तैयारियां पूर्ण करने, राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों को यात्रा शुरू होने से पूर्व ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं संबंधित एजेंसियों द्वारा किए जा रहे रोड कटिंग कार्य 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने, कुंड बैराज के समीप निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार का कार्य अनिवार्य रूप से 15 जनवरी से पूर्व शुरू करने की निर्देश दिए। वहीं सेमी ग्राम के समीप करीब 2 किलोमीटर सिंकिंग जोन का सुधारीकरण एवं आरसीसी कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मैखंडा, फटा एवं रामपुर डाट पुलिया के पास में पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित कर राष्ट्रीय राजमार्ग एवं संबंधित एजेंसियों को स्थलों का सर्वे कर पार्किंग के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं रामपुर डाट पुलिया के समीप पार्किंग के साथ ही पर्यटन विभाग के सहयोग से सौंदर्यकरण एवं व्यू प्वाइंट विकसित करने का प्रस्ताव भी तैयार करने की निर्देश दिए। वहीं सोनप्रयाग पुल के समीप वाहनों की आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान तैयार करने की संभावनाएं देखते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं गौरीकुंड शटल पार्किंग स्थल के चैड़ीकरण एवं पार्किंग को डबल स्टोरी विकसित करने के लिए भी एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश डीडीएमए को दिए।

गौरीकुंड बाजार में सेक्टर ऑफिस एवं डण्डी-कंडी बुकिंग ऑफिस के सुधारीकरण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश डीडीएमए को दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीकेटीसी योगेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला, खनन अधिकारी डॉ. दीपक हटवाल, सीओ हर्षवर्धनी सुमन, विमल रावत, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवाड़, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मनोज भट्ट, अधिशासी अभियंता सिंचाई राजेश नौटियाल, तहसीलदार ऊखीमठ दीवान सिंह राणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## 22 जनवरी को मंदिरों में होंगे कार्यक्रम

चमोली : अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के समय पर यहां करीब सभी मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। भगवान बदरीविशाल धाम के पुजारियों के गांव डिम्मर में रामलीला समिति ने आयोजन करने की रूपरेखा तैयार की है। डिम्मर गांव के प्रकाश डिमरी ने बताया कि 22 जनवरी को गांव के पवित्र चौंरी चौक में रामलीला समिति श्रीरामचरित मानस और सुंदरकांड के पाठ का आयोजन करेगी। साथ ही सैकडों की संख्या में दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली का आयोजन किया जाएगा।

## लोकसभा चुनाव के लिये तैयार रहें कार्यकर्ता : नेगी

नई टिहरी : रजाखेत में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रतापनगर विधायक ने कार्यकर्ताओं को लोक सभा चुनाव के लिये तैयार रहने को कहा। कहा कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस शासनकाल की नीतियों को लोगों तक पहुंचाये। इसके बाद उन्होंने महिला मंगल दलों को दाल पिसाने वाली मशीनें बांटीं।गुरुवार को प्रतापनगर के रजाखेत बस अड्डे में प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। बेरोजगार सरकार की तरफ रोजगार के लिये टकटकी लगाये बैठक हैं, लेकिन सरकार उन्हें गुमराह करने में लगी है। कहा पहाड़ी क्षेत्रों के बड़े-छोटे अस्पताल रेफर सेंटर बने हैं। सरकार के पास विकास को लेकर न तो कोई योजना और न ही नीयत, महंगाई चरम पर है, सरकार नियत्रंण नहीं कर पा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के लिये कमर कसने को कहा। विधायक ने विधायक निधि से जलवाल गांव, सिलोली की महिला मंगल दलों को उड़द की दाल पिसाई और आरसे, मसाले पीसने, ग्रेवी बनाने की मशीनें भेंट कीं। कहा कि महिला सशक्तिकरण और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिये महिलाओं को मशीनें भेंट की गई हैं। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह रौतेला, किशोर मंद्रवाल, गंभीर नेगी, प्रधान प्यारी देवी, लक्ष्मी देवी, बीना देवी, प्रभा देवी, पूनम देवी, शीला देवी, रुचि देवी, विजय रावत, गुलाबी देवी, मनोहरी पेटवाल, विजय नेगी, राजेंद्र जोशी, बुद्धि राणा,लोकमणि पैन्यूली, प्रमोद नेगी, खेमानंद पेटवाल, सुमन भद्री, भीम सिंह सजवाण, प्रमोद भद्री आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## 31 साल पहले सोचा नहीं था कि सपना हकीकत में बदल जाएगा

रुद्रप्रयाग : 31 साल पहले जब भगवान राम के मंदिर को लेकर अयोध्या सहित पूरे उत्तर प्रदेश में तनावपूर्ण माहौल था तब रुद्रप्रयाग से भी कई रामभक्त कारसेवक के रूप में अयोध्या पहुंचे थे। आज इन रामभक्तों में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काफी खुशी है। उनका कहना है कि इस क्षण का उन्हें बेसब्री से इंतजार था। तत्कालीन समय में रुद्रप्रयाग से यूपी के अयोध्या पहुंचने वाले कई रामभक्त भले ही अब इस दुनिया में नहीं है, किंतु उनके साथ गए कई लोग इस खुशी के क्षण को लेकर काफी उत्साहित हैं। रुद्रप्रयाग के अमसारी निवासी जसपाल भारती एवं दिनेश लाल बताते है कि वे 1992 में अयोध्या गए थे। बताया गया कि रुद्रप्रयाग के अमसारी से ही प्रेम लाल, राकेश लाल भी अयोध्या पहुंचे थे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज सी0डि0, कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल**

**उत्तराधिकार वाद संख्या 01 सन् 2024**

**अमित कुमार पुत्र सुरेशचन्द्र निवासी हाईडिल कालोनी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।**

**बनाम**

**आम जनता**

भारतीय स्टेट बैंक शाखा कालागढ द्वारा शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक शाखा कालागढ

हरगाह हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी अमित कुमार द्वारा इस न्यायालय में मृतका श्रीमती पार्वती देवी पत्नी स्व0 गया प्रसाद निवासी हाईडिल कालोनी तहसील कोटद्वार जिला पौडी गढवाल के नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा कालागढ के खाता संख्या 11086036355 में जमा धनराशि मु0 9,54,092/-रूपये एवं ब्याज की प्राप्ति हेतु उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें सुनवाई हेतु तिथि दिनांक 25/1/2024 नियत है। यदि प्रार्थी के हक में मृतका श्रीमती पार्वती देवी के नाम जमा उपरोक्त राशि का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत दिनांक 25/1/2024 समय 10.00 बजे स्थान कोटद्वार में उपस्थित आकर अपना पक्ष रखे, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले में एक तरफा कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।

आज दिनांक 10.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आदेशानुसार**
**मुन्सरिम/रीडर**
**सीनियर सिविल जज/**
**अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**कोटद्वार गढ़वाल।**

# बारिश न होने से बढ़ सकता है गर्मियों में जल संकट

रुद्रप्रयाग : बीते ढाई महीने से लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं, किंतु इन्द्रदेव मेहरबान नहीं हो रहे हैं। ऐसा ही हाल रहा तो गर्मियों में जल संकट बढ़ सकता है।

विशेषकर उन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ज्यादा दिक्कतें होंगी, जहां पहले ही पेयजल संकट से लोग झूझते रहे हैं। शीतकाल में इस बार लोगों को बारिश और बर्फबारी न होने से निराशा ही मिल रही है। नवम्बर में एक-दो बार ही हल्की बारिश हुई जो असरदार भी नहीं रही। अब, जनवरी महीने का दूसरे सप्ताह भी खत्म होने वाला है किंतु बारिश के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं ऐसे में जहां पानी का संकट भविष्य के चिंता का कारण बन सकता है वहीं अब किसानों की खेती पर भी इसका असर दिख रहा है। खेतों में गेंहू की फसल भी बिन बारिश खराब हो रही है।

तो मौसमी और बेमौसमी सब्जी भी खराब होने लगी है। प्रगतिशील किसान विजय सेमवाल, राकेश बिष्ट, बबीता रावत आदि का कहना है कि बारिश न होने से सब्जी और गेंहू, सरसों की फसल खराब होने लगी है। पाला गिरने से सब्जी का उत्पादन नहीं हो पा रहा है। इधर, मुख्यालय सहित तिलवाड़ा, सुमाड़ी, भरदार, अगस्त्यमुनि, जखोली आदि स्थानों पर गर्मियों में पानी का संकट गहरा सकता है। जहां पहले ही बारिश का संकट रहता है वहां समस्या और भी मुश्किलभरी हो सकती है। जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि कई सालों में ऐसी स्थिति पैदा हुई है। बारिश न हुई तो गेंहू, सरसों सहित अनेक तरह की सब्जी खराब हो रही है। पाला गिरने से सब्जी और फसल का विकास रुक रहा है। यदि 10 दिन ऐसा ही मौसम रहा तो कृषि और उद्यान को काफी नुकसान होगा। (एजेंसी)

## जोशीमठ में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया

चमोली : जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी रावत को उनके पद से प्रदेश सरकार द्वारा हटाये जाने का जोशीमठ में विरोध शुरू हो गया है। कांग्रेसियों ने जोशीमठ के श्रीराम चौराहे में प्रदेश सरकार का पुतला जलाकर जमकर नारेबाजी की व कहा कि भाजपा की कथित डबल इंजन की सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर लगी हुई है। कांग्रेसियों ने कहा कि विधायक राजेन्द्र भंडारी की बदरीनाथ विधानसभा में लगातार बढ़ती लोकप्रियता के कारण भाजपा बोखलाई हुई है। पूर्व पालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र पंवार व कांग्रेस के जिला कार्डीनेटर राकेश रंजन भिलंगवाल ने कहा कि एक वर्ष पूर्व रजनी भंडारी को पद से हटाया गया जिस पर हाईकोर्ट द्वारा उन्हें फिर यथावत पद पर बने रहने का आदेश हुआ, किन्तु अब एक बार फिर विधायक राजेन्द्र भंडारी की लोकप्रियता व जल्द होने जा रहे लोकसभा एवं पालिका चुनावों में अपनी हार की डर से भाजपा ने रजनी भंडारी को जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी से हटाया है।

## कर्म मनुष्य की सबसे बड़ी सम्पत्ति : ममगाईं

रुद्रप्रयाग : पालाकुराली में श्रीमद भागवत कथा के दौरान कथा वाचक ज्योतिष्पीठ व्यास आचार्य शिव प्रसाद ममगाई ने कहा कि श्रेष्ठ कर्म से ही मनुष्य पुरुष से पुरुषोत्तम की कृपा प्राप्त कर सकता है। द्वेष रखने वाला व्यक्ति कभी सदमार्ग पर नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा अपनें में एक अलग सी समाज जोड़ने का काम कर रही है। तभी कहते हैं कि धर्म जोड़ता है। जहां सभी दूर क्षेत्र से भक्त कथा श्रवण को पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्म मनुष्य की सबसे बड़ी सम्पत्ति है। कर्मों से ही पशुता और मनुष्यता का भेद पता चलता है। पशुओं में विचार करने एवं निर्णय लेने की क्षमता नहीं होती है किंतु परमात्मा का मनुष्य को बहुत बड़ा वरदान मिला है, कि वह कर्म, लगन, इच्छा शक्ति, पुरुषार्थ आदि के द्वारा जो पाना चाहे प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर कृपाल सिंह राणा, किशोर राणा, सेमर सिंह, सते सिंह, महावीर सिंह, किशन सिंह, कुंदन सिंह राणा, प्रधान सुभाष राणा, कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुबीर सिंह राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी राणा, पंचम कैंतुरा, अंजना कैंतुरा, अंकित, अंकुश, मातवर सिंह रावत, प्रताप सिंह राणा, शंकर सिंह, सुंदर सिंह, कुंवर सिंह राणा, उमराव सिंह, सज्जन सिंह, भगत सिंह पंवार, शकुंतला पंवार, मुध पंवार, इशा पंवार, आचार्य भानु प्रसाद ममगाईं, आचार्य संदीप बहुगुणा, आचार्य विजेंदर, आचार्य अंकित, आचार्य सुनील शुक्ला, आचार्य जितेंद्र आदि मौजूद थे। (एजेंसी)


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

फाइल: 1/STBA/POLICY/MB/2020/C

**मुरादाबाद मंडल उत्तर रेलवे के NSG-6 श्रेणी के 34 स्टेशनों पर ''स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट'' (एस टी बी ए) की नियुक्ति के लिए निविदा निमंत्रण की सूचना।**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुरादाबाद मंडल के अतंर्गत विभिन्न "NSG-6" श्रेणी के स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यु.टी.एस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु तीन वर्ष के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए) की नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों जो कि निविदा की नियम व शर्ते पूर्ण करते हो से दिनांक **01.02.2024 के 15:00** बजे तक निविदा आमंत्रित किये जायेंगे और 15:10 बजे खोला जायेगा।

**निम्नलिखित NSG-6 श्रेणी के 34 स्टेशनों पर संविदा पर ''एसटीबीए'' की नियुक्ति की जानी है:–**

| क्र. सं. | स्टेशन | कोड | राज्य | स्टेशन की श्रेणी | क्र. सं. | स्टेशन | कोड | राज्य | स्टेशन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेहटागोकुल | BEG | उ.प्र. | NGS-6 | 18 | मुर्शदपुर | MSDR | उ.प्र. | NSG-6 |
| 2 | रामगंगा ब्रिज | RGB | उ.प्र. | NGS-6 | 19 | बरेली कैंट जं. | BRYC | उ.प्र. | NSC-6 |
| 3 | खरखौदा | KXK | उ.प्र. | NGS-6 | 20 | रसुईया | RYS | उ.प्र. | NSG-6 |
| 4 | पुरैनी | PNI | उ.प्र. | NGS-6 | 21 | टिसुआ | TSA | उ.प्र. | NSG-6 |
| 5 | मिलक | MIL | उ.प्र. | NGS-6 | 22 | बघौली | BGH | उ.प्र. | NSG-6 |
| 6 | बांगरमऊ | BGMU | उ.प्र. | NGS-6 | 23 | बसी किरतपुर | BSKR | उ.प्र. | NSG-6 |
| 7 | मिश्रिख–तीर्थ | MSTH | उ.प्र. | NGS-6 | 24 | करेंगी | KEG | उ.प्र. | NSG-6 |
| 8 | माधोगंज | MAH | उ.प्र. | NSG-6 | 25 | ऐन्वान | AIG | उ.प्र. | NSG-6 |
| 9 | मल्लावां | MLW | उ.प्र. | NSG-6 | 26 | जंग बहादुरगंज | JBG | उ.प्र. | NSG-6 |
| 10 | हरथला | HRH | उ.प्र. | NSG-6 | 27 | सिसरका | SSKA | उ.प्र. | NSG-6 |
| 11 | मछरिया | MCV | उ.प्र. | NSG-6 | 28 | सफीपुर | SFPR | उ.प्र. | NSG-6 |
| 12 | जरगांव | JRJ | उ.प्र. | NSG-6 | 29 | बंथरा | BTRA | उ.प्र. | NSG-6 |
| 13 | महोली | MAHO | उ.प्र. | NSG-6 | 30 | काकोरी | KKJ | उ.प्र. | NSG-6 |
| 14 | इक्कर | IKK | उत्तराखंड | NSG-6 | 31 | रहीमाबाद | RBD | उ.प्र. | NSG-6 |
| 15 | कहिल्या | KH | उ.प्र. | NSG-6 | 32 | दिलावारनगर | DIL | उ.प्र. | NSG-6 |
| 16 | हाफिजपुर | HZR | उ.प्र. | NSG-6 | 33 | उचोलिया | UCH | उ.प्र. | NSG-6 |
| 17 | काफुरपुर | KFPR | उ.प्र. | NSG-6 | 34 | करना | KAR | उ.प्र. | NSG-6 |

निविदा फॉर्म और उसके शर्ते उत्तर रेलवे कि बेवसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किये जा सकते है ठेके के लिए निविदा फॉर्म नियम एवं शर्तों सहित विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्यालय से दिनांक 31.01.2024 को 17:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है ,जिसके लिए निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1180 (रु. 1000 + 18% जी एस टी सहित) का भुगतान करना होगा निविदा फॉर्म दिनांक 01.02.2024 को 15:00 बजे तक स्वीकृत किये जाएंगे और 15:10 बजे खोला जायेगा। डाउनलोड किये गए निविदा फॉर्म के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1180/– (रु. 1000 रु + जी एस टी @ 18%) का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा जो कि "वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक" उत्तर रेलवे, मुरादाबाद (Sr. DFM/NR/Moradabad) के नाम देय होगा। आवेदक यदि NSG–6 श्रेणी के स्टेशन के लिए आवेदन करते है तो रू. 2000/–की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न करनी होगी जो कि "वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक" उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के नाम देय होगा। **नोट : पूर्ण धरोहर राशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य और सभी अन्य अपेक्षित कागजात(स्वयं सत्यापित) के बिना जमा किये गए आवेदन प्रपत्र पर विचार नही किया जाएगा। यदि निविदा खोलने वाले दिन 01.02.2024 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जाएगी।**

118/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा आमंत्रण सूचना

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2024:– मुरादाबाद मंडल पर अन्य संबंधित विद्युत कार्यों के साथ फिटिंग के नए पैमाने के अनुसार वायरिंग के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। | 18462807.24 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 242300.00 | 6 (छह) माह | निविदायें दिनांक 01.02.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/ उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 01/2024 दिनांक :– 10.01.2024 131/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# सोशल मीडिया पर प्रतिबंध

सोशल मीडिया के इस दौर में जहां एक तरफ पूरी दुनिया हाथों में समा गई है तो वहीं इसके दुष्प्रभाव की सीमा भी अनंत है। विभागों की उपलब्धियां को दर्शाने के लिए भी सोशल मीडिया एक मजबूत साधन बना हुआ है लेकिन जब बात अनुशासित वर्दीधारी संस्थाओं की आती है तो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली बातें कई बार विभाग की छवि को खंडित भी कर देती है। उत्तराखंड पुलिस भी अपनी कार्य योजनाओं एवं उपलब्धियां के लिए सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर प्रयोग करती है लेकिन इधर पिछले कुछ समय से पुलिस कर्मियों द्वारा व्यक्तिगत तौर पर रेल बनाकर डाले जा रहे हैं जिस पर विभाग के आला अधिकारियों को आपत्ति है। सोशल मीडिया पर रील एवं वीडियो बनाने को विभाग ने पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है और इसके लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार, बीपीआरएंडडी एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की गाईड लाइन, उत्तराखण्ड सरकारी सेवक आचरण नियमावली, पुलिस वर्दी विनियम, ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट तथा अन्य सुसंगत नियमों का हवाला दिया गया है। उत्तराखंड पुलिस के सभी कर्मचारियों के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर पर इसके लिए एडवाइस जारी कर दी गई है। पुलिस को अपनी छवि बनाने के लिए काफी प्रयास करने पड़ते हैं और तमाम उपलब्धियां हासिल करने के बावजूद एक छोटी सी गलती कई बार पूरे विभाग को कलंकित कर देती है। अक्सर पुलिस कर्मियों द्वारा वर्दी में खुद को इस तरह से पेश किया जाता है मानो वे कोई मसीहा हो और जो कुछ उनके द्वारा किया जा रहा है वह नायाब और अकल्पनीय है। हालांकि हकीकत और सच्चाई इन रील और वीडियो से मेल नहीं खाती और विभाग को आलोचनाओं का शिकार बनना पड़ता है। उत्तराखंड पुलिस एक अनुशासित फोर्स है और विभिन्न मौके पर उत्तराखंड पुलिस ने बड़ी उपलब्धियों को हासिल किया है। तमाम परिस्थितियों ऐसी आई है जब यहां के जवानों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। सोशल मीडिया के माध्यम से ही देश-विदेश में उत्तराखंड पुलिस के सिरहाने कार्यों का योगदान भी दिखा लेकिन बावजूद इसके पुलिस कर्मियों के लिए सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत वीडियो डालने को प्रतिबंधित किया गया है। कार्य के दौरान प्रत्येक पुलिस कार्मिक का यह कर्तव्य है कि वह प्रदत्त कार्यों को पूर्ण लगन एवं मनोयोग से निष्पादित करें। सरकारी कार्य के दौरान सोशल मीडिया का व्यक्तिगत प्रयोग निश्चित रूप से पुलिसकर्मी के बहुमूल्य समय को नष्ट करता है। पुलिस के कई कार्य ऐसे हैं जो गोपनीय कहीं जा सकते हैं और इनका लाइव प्रसारण करना या फिर इनके वीडियो डालना गोपनीयता का उलझन माना जा सकता है। प्रतिबंध के पीछे सबसे प्रमुख कारण फोर्स को अनुशासित रखता है ताकि पुलिसकर्मी अपने मूल कार्य स्वभाव से ना भटके। सोशल मीडिया पर कमाई के नए साधन उपजन के साथ कहीं पुलिस कर्मियों को भी इसकी लत न लग जाए इसलिए यह फैसला सराहनीय कहा जा सकता है। सबसे प्रमुख बात यह है कि अपराधिक विवेचना में सोशल मीडिया का प्रयोग घातक सिद्ध हो सकता है और जिन आरोपियों की शिनाख्त बाकी हो, उनका चेहरा सरकारी एवं व्यक्तिगत सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। अनुशासित फोर्स एवं विभाग की गरिमा को देखते हुए किसी भी पुलिस कर्मी को सोशल मीडिया पर कोई ऐसी पोस्ट नहीं डालनी चाहिए और न ही ऐसा कोई आचरण करना चाहिए जो मानवीय गरिमा एवं विधिक उपबंधों के प्रतिकूल हो।

# चुनाव में क्या आर्थिकी, माली दशा के मुद्दे होंगे?

**अजीत द्विवेदी,**

पिछले लोकसभा चुनाव की एक खास बात यह थी कि उसमें अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं थे। चुनाव में व्यापक रूप से राजनीतिक, धार्मिक व राष्ट्रवाद के मसले हावी रहे थे। आमतौर पर जब चुनाव इस तरह के मुद्दों पर होते हैं तब यथास्थिति बनी रहती है। भारत में या दुनिया के दूसरे देशों में भी जब जनता के जीवन से जुड़े मुद्दे उठाए जाते हैं तभी सत्ता बदल की संभावना पैदा होती है। जैसे 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने उठाया था। तब महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा थी। भ्रष्टाचार का मुद्दा भी था लेकिन उसमें एक पहलू सबसे ज्यादा हावी था काले धन का। कहा जा रहा था कि दुनिया में भारत से भेजा गया चार सौ लाख करोड़ रुपए का काला धन जमा है, जिसे नरेंद्र मोदी जीते तो वापस ले आएंगे और उससे भारत की बरबाद हो चुकी अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जाएगी।

लेकिन इसके बाद हुए चुनाव में यानी 2019 में विपक्ष प्रभावी तरीके से यह मुद्दा नहीं उठा सका कि चार सौ लाख करोड़ रुपए का काला धन कहां है? आर्थिक मुद्दों से जनता का ध्यान हट कर दूसरे मुद्दों पर चला गया था। जनता पुलवामा की घटना की बात कर रही थी या उरी व बालाकोट के सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा हो रही थी। राष्ट्रवाद के इन मुद्दों के अलावा देश मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई दर्जनों फैंसी योजनाओं में अच्छे दिन तलाश रहा था।

पांच साल के बाद एक बार फिर चुनाव आया है तो अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे नदारद हैं। सब कुछ अयोध्या के राममंदिर, जम्मू कश्मीर के अनुच्छेद 370, संशोधित नागरिकता कानून व राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर की संभावना, काशी की ज्ञानवापी मस्जिद व मथुरा के शाही ईदगाह के सर्वेक्षण और लक्षद्वीप बनाम मालदीव के विवाद पर केंद्रित दिख रहा है। इन घटनाओं के बीच अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ी खबर आई कि चालू वित्त वर्ष यानी 2023-23 में देश का सकल घरेलू उत्पादन यानी जीडीपी 7.3 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने नए साल के पहले अग्रिम अनुमान के तौर पर यह आंकड़ा जारी किया है। यह आंकड़ा इसलिए अहम है क्योंकि इसका इस्तेमाल सरकार अगले साल का बजट बनाने में करती है। हालांकि अगले साल का पूर्ण बजट चुनाव के बाद आएगा फिर भी चुनाव और अंतरिम बजट



से पहले आए इस अनुमान से सरकार को चुनाव के लिहाज से कुछ बड़े फैसले करने का मौका मिलेगा।

ध्यान रहे दुनिया में बहुत कम देश हैं, जिनकी अर्थव्यवस्था छह फीसदी या उससे ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। भारत उनमें से एक है। दुनिया की जीडीपी में भारत का हिस्सा करीब 15 फीसदी हो गया है। भारत में इस साल चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने और अनुमान से ज्यादा 7.3 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की खबर सत्तारूढ़ दल के लिए बहुत सुखद संकेत है। लेकिन क्या जीडीपी का यह आंकड़ा देश की अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर दिखा रहा है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि जब आप इन आंकड़ों की बारीकी में जाएंगे तो कई चिंता में डालने वाली चीजें दिखेंगी। जैसे राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में कृषि सेक्टर की विकास दर 1.8 फीसदी रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में यह चार फीसदी रही थी। सोचें, जीडीपी में कृषि सेक्टर का योगदान 15 फीसदी के आसपास है और अब भी सबसे बड़ी आबादी रोजगार और आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है, उस सेक्टर में विकास की दर सिर्फ 1.8 फीसदी है! जब हम आम लोगों के जीवन से जुड़े मुद्दों की बात करते हैं तो एक समस्या यहां दिखाई देती है। भारत के नौजवानों का मन खेती में नहीं लग रहा है और इसलिए लगातार कृषि कार्य से वर्कफोर्स बाहर निकल रही है। परंतु मुश्किल यह है कि दूसरे सेक्टर में नौकरियां पर्याप्त संख्या में नहीं बढ़ रही हैं। गुणवत्ता वाली नौकरियों का तो देश में अकाल हो गया है। इसका नतीजा यह है कि ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट या इंजीनियरिंग, एमबीए की डिग्री वाले नौजवान चपरासी और जू-कीपर की नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे हैं।

इसी आंकड़े को बारीकी से देखें तो उसमें यह भी दिखाई देता है कि उपभोक्ता खर्च में विकास दर 4.4 फीसदी है, जो पिछले वित्त वर्ष में 4.5 फीसदी था। इसका मतलब है कि कोरोना वायरस की महामारी के बाद उपभोक्ता खर्च में जो कमी आई थी वह पुराने स्तर पर नहीं लौटी है और निकट भविष्य में उसके लौटने की संभावना भी नहीं दिख रही है। उसका कारण यह है कि गुणवत्ता वाली नौकरियां कम हो रही हैं और पूंजी का केंद्रीकरण चुनिंदा लोगों के हाथ में हो रहा है, जिससे आम लोगों की खर्च करने की क्षमता लगातार कम होती जा रही है। देश में तीन या चार फीसदी के करीब सुपर स्पेंडर हैं यानी खुल कर खर्च करने वाले हैं, जिनकी वजह से अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर दिखाई दे रही है लेकिन वह असली तस्वीर नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था का एक आंकड़ा यह भी है कि 10 लाख से कम कीमत की गाड़ियों की बिक्री ठहर गई है, जबकि एक करोड़ या उससे ज्यादा कीमत की गाड़ियां धड़ल्ले से बिक रही हैं। दिल्ली एनसीआर से लेकर मुंबई, बेंगलुरू तक कम कीमत के मकान बन कर बिना बिके बगैर पड़े हैं, जबकि महंगे अपार्टमेंट की बिक्री हाथों-हाथ हो रही है।

असल में सरकार ने बहुत होशियारी से अर्थव्यवस्था की बड़ी तस्वीर यानी मैक्रो इकॉनोमी का प्रबंधन किया है। ऊंची विकास दर दिखाई दे रही है, महंगाई दर काबू में हो गई है, विदेशी मुद्रा भंडार भरा हुआ है और मीडिया के जरिए यह माहौल बना हुआ है कि चीन से कारोबारियों का मन उचट रहा है तो उनकी पसंदीदा जगह भारत है। इस बड़ी तस्वीर के आगे बाकी बातें दब गई हैं। यह कोई नहीं पूछ रहा है कि मेक इन इंडिया अभियान के बावजूद क्यों भारत का आयात बढ़ता जा रहा है या क्यों सारी दुनिया का पेट भरने के दावे करने के बावजूद एक के बाद एक कृषि उत्पादों के निर्यात पर रोक लगाई जा रही है या क्यों भारत का कर्ज इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि वह जीडीपी के 85 फीसदी तक पहुंच गया है?

यह भी नहीं पूछा जा रहा है कि क्यों इतनी बेरोजगारी है या इतनी आर्थिक असमानता क्यों है? क्यों पूंजी का एकत्रिकरण थोड़े से लोगों के हाथों में हो रहा है? ये सवाल न तो आम जनता के विमर्श में हैं और न चुनाव का मुद्दा हैं। अगर आर्थिक मुद्दे और आम लोगों के जीवन से जुड़े मसले चुनाव का मुद्दा नहीं बनेंगे तो चुनाव ऐसे मुद्दों पर होगा, जो जनता के जीवन से जुड़े नहीं हैं और तब यथास्थिति को बदलने का कोई भी प्रयास कामयाब नहीं हो सकता है।

# बच्चों, मीडियाकर्मियों की कब्रगाह

**श्रुति व्यास,**

गाजा की वाहेल दहदू की दुनिया कतरा-कतरा करक बिखर रही है। तीन दिन पहले, वाहेल ने अपने परिवार के पांचवे सदस्य, सबसे बड़े बेटे हमजा दह को दफनाया। चार महीने पहले उन्होंने अपनी पत्नी, 15 साल के बेटे, 7 साल की बेटी और 18 माह की पोती को सुपुर्देखाक किया था। परिवार के ये सभी लोग इजरायली हवाई हमलों में मारे गए थे।

बावजूद इसके वाहेल की हिम्मत टूटी नहीं है। वे इजराइल द्वारा गाजा में किए जा रहे नरसंहार को दुनिया को दिखाने में जुटे हुए हैं। वाहेल दाहूद, अल जज़ीरा के गाजा ब्यूरो चीफ हैं। उनके पुत्र हमजा भी अल जजीरा के संवाददाता थे और अपने एक साथी पत्रकार मुस्तफा थुराया के साथ यात्रा पर थे जब खान युनिस के पश्चिमी हिस्से में एक इजरायली मिसाइल उनकी कार से आ टकराई। जिस कब्रिस्तान में उनके पुत्र को दफनाया गया वहीं से बातचीत करते हुए वाहेल बुझे-बुझे लेकिन शांत नजर आए। उन्होंने कहा कि वे गाजा के उन ढेर सारे लोगों में से एक हैं जो हर दिन अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई देने को मजबूर हैं।

गाजा न केवल 'हजारों बच्चों की कब्रगाह' बन गया है बल्कि यह मीडियाकर्मियों के लिए भी सबसे घातक इलाका है। गाजा पर इजरायली हमले शुरू होने के बाद के तीन महीनों में वहां 79 पत्रकार जान गवां चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। सन् 1992 से कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) ने गाजा के इलाकों का कवरेज करने वाले पत्रकारों के आंकड़े संकलित करने प्रारंभ किया है। तब से लेकर आज तक, गाजा में पहले महीने में मारे गए पत्रकारों की संख्या किसी भी अन्य संघर्ष में मारे गए पत्रकारों से अधिक है। दूसरे युद्ध, जो रूस और यूक्रेन के बीच 2022 से जारी है, में अब तक कुल 17 पत्रकारों ने अपनी जान गंवाई है। फ्रेंच कैमरामैन फ्रेडरिक लेकलेर्क-इमहाफ, जो मई में मारे गए, के बाद से वहां अब तक किसी पत्रकार ने अपनी जान नहीं खोई है।मगर गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या द्वितीय विश्वयुद्ध में मृत पत्रकारों की संख्या (69) से



अधिक हो गई है। वियतनाम युद्ध में 63 पत्रकारों ने जान गंवाई थी और सीपीजे के अनुसार, ईराक में 2003 से लेकर अब तक 283 पत्रकार मारे हैं जिनमें युद्ध के पहले माह झ मार्च 2003 और अप्रैल 2003 के बीच झ मारे गए 11 पत्रकार भी शामिल हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि इजराइल-गाजा युद्ध अब तक के युद्धों में पत्रकारों, बच्चों, शिशुओं, महिलाओं, मानवता और सभ्यता के लिए सबसे घातक रहा है; और उसके प्रभावितों की संख्या भविष्य में और बढ़ेगी। एक विभीषिका के बाद दूसरी, एक नरसंहार के बाद दूसरा, हर दिन के हर घंटे में हो रहा है लेकिन इसके खिलाफ नाराजगी नजर नहीं आती। दुनिया के नेता अब भी इतने दब्बू और डरपोक बने हुए हैं कि वे साफ शब्दों में बीबी से विनाश और मौतें रोकने के लिए नहीं कह पा रहे हैं। दुनिया भर का मीडिया इतना भयभीत है कि वो लाईव टीवी पर चुपचाप गाजा को मलबे का ढेर बनता दिखा रहा है।पर खरी-खरी कहने की हिम्मत किसी की नहीं है।

जब इजराइल ने विदेशी पत्रकारों के गाजा में प्रवेश पर पाबंदी लगाई, तो जान हथेली पर रखकर सारी दुनिया को सच्चाई बताने का दायित्व फिलिस्तीनी पत्रकारों पर आ गया। जैसा कि रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा "इजराइल गाजा को मीडिया कवरेज से पूरी तरह महरूम करने के बहुत निकट पहुंच चुका है"।अब केवल फिलिस्तीनी ही वहां से सच्चाई बयां कर रहे हैं और एक-एक करके उन्हें भी खामोश किया जा रहा है। पत्रकार भी साधारण नागरिक हैं और गाजा में कोई भी स्थान उनके लिए महफूज नहीं है। इस छोटे से इलाके में लगातार चल रहे इजराइल के अंधाधुंध हमलों से सभी को खतरा है। पत्रकार अस्पतालों से खबरें दे रहे हैं, लेकिन अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है, वे सुरक्षित स्थान की तलाश में जा रहे लोगों के काफिलों की खबरें दे रहे हैं, लेकिन उन काफिलों पर भी हमले हो रहे हैं। मरने वालों पत्रकारों की बढ़ती संख्या के बीच सीपीजे यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि क्या जानबूझकर पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है? ऐसी शंका होने की एक वजह यह है कि लेबनान, जहां हालात इतने अराजकतापूर्ण नहीं हैं, वहां एक पत्रकार और कैमरामेन की मौत के संबंध में रिपोर्टस विदाउट बॉर्डर्स इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि इजराइल ने उन पर जानबूझकर हमला किया।और यदि इजरायली सेना जानबूझकर पत्रकारों को निशाना बना रही है तो इसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। युद्ध जैसे-जैसे गंभीर रूप ले रहा है, मरने वालों की संख्या बढ रही है और समुदाय बर्बाद हो रहे हैं, वैसे-वैसे यहूदियों के प्रति जो सहानुभूति और भाईचारे का भाव था, वह तेजी से तिरोहित हो रहा है और यहूदी-विरोधी विचारधारा जोर पकड़ रही है झ लोग युद्धविराम का आव्हान कर रहे हैं। कल ही अमरीकी राष्ट्रपति जो बाईडन जब साउथ कैरोलिना में एक ऐतिहासिक चर्च में भाषण दे रहे थे तब युद्धविराम के पक्ष में नारेबाजी के कारण उन्हे अपना भाषण रोकना पड़ा। इस स्थिति से इजराइल के शासक चिंतित हैं क्योंकि वे पश्चिमी हथियारों, अनुदान और कूटनीतिक समर्थन पर बहुत हद तक निर्भर हैं। यदि यूरोप और अमेरिका में जनमत उनके खिलाफ हो गया झ जिसकी शुरूआत हो गई है झ तो मदद खतरे में पड़ जाएगी। तो नैरेटिव को अपने पक्ष में कैसे रखा जाए?

## फ्लाइट टेक ऑफ करने से पहले ही केबिन का दरवाजा खोलकर कूदा पैसेंजर, मचा हड़कंप

**टोरंटो ,एजेंसी ।** एयर कनाडा की उड़ान भरने के दौरान एक अजीब मामला सामने आया है। जब यात्रियों से भरी फ्लाइट उड़ान भरने वाली थी। तब फ्लाइट के टेक ऑफ करने से पहले ही एक यात्री अचानक केबिन का दरवाजा खोलकर नीचे कूद गया। यात्री के कूदने की इस घटना से विमान में हड़कंप मच गया है। वह यात्री केबिन का दरवाजा खोलकर करीब 20 फीट की हाइट से कूदा। इस हादसे में उसे हल्की चोटें आई हैं। एयर कनाडा की उड़ान के दौरान विमान से यात्री कूदने का यह मामला 8 जनवरी का है, जब यात्री टोरंटो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान में चढ़ा। लेकिन बाद में अपनी सीट पर बैठने की बजाय केबिन का दरवाजा खोलकर उसमें से बाहर कूद गया। हादसे के बाद क्षेत्रीय पुलिस और आपातकाल सेवाओं को घटनास्थल पर बुलाया गया। एयर कनाडा वेबसाइट के अनुसार, इस घटना के कारण बोइंग 747 के उड़ान भरने में छह घंटे की देरी हुई। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, 'इस मामले की जांच जारी है। जांच के दौरान सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। उनकी चोट कितनी गहरी है, इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।' फिलहाल यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यात्री की इस हरकत के कारण उसे गिरफ्तार किया जाएगा या नहीं।

इस हादसे के कुछ दिन पहले ही एक एयर कनाडा की फ्लाइट में 16 वर्षीय यात्री ने एक परिवार पर हमला किया था। इस घटना के कारण अन्य यात्रियों को 3 घंटे तक इंतजार करना पड़ा था। रॉयल कैनेडियन पुलिस ने बताया कि जब विमान टोरंटो से कैलगरी जा रही थी, तब यह हादसा हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 16 वर्षीय यात्री को अन्य यात्रियों और स्टाफ ने रोकने की कोशिश की थी। उन्होंने बताया कि इस हमले में परिवार के सदस्यों को चोटें भी आई थी।

## गुरुपतवंत पन्नू केस: कोर्ट ने अमेरिकी सरकार से किया जवाब-तलब, कहा- मारने को निखिल हायर किया, सबूत पेश करें

**न्यूयार्क ,एजेंसी ।** खालिस्तानी आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में अमेरिकी सरकार को बड़ा झटका लगा है। न्यूयॉर्क की एक अदालत ने खालिस्तानी आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में अमेरिकी सरकार से जवाब तलब किया है। अमेरिकी सरकार अपना जवाब तीन दिन के अंदर देना होगा। गुप्ता के वकीलों ने मांग की है कि सरकार पन्नू की हत्या की साजिश रचने से संबंधित मामलों के सबूत उपलब्ध कराए।न्यूयॉर्क की अदालत ने यह निर्देश पिटीशनर निखिल गुप्ता की याचिका पर दिया है। गौर हो कि निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर यह साजिश रची है। सुनवाई के दौरान न्यूयॉर्क की कोर्ट ने अमेरिकी सरकार से कहा कि वह मामले में हत्या की साजिश रचने संबंधित सबूत पेश करे। सुनवाई के दौरान गुप्ता के वकील ने कोर्ट में कहा कि पिटीशनर लॉ फॉलो करने वाले इंडियन सिटीजन हैं। उन्हें इस साजिश में फंसाया जा रहा है।

## गाजा में इजरायल ने बरपाया कहर: एयर स्ट्राइक में 90 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा ,एजेंसी ।** फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में 90 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी के केंद्र में एक आवासीय क्षेत्र पर हुए हवाई हमले में 58 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। इस बीच बचावकर्मियों ने नवाफुल परिवार के एक घर के मलबे से 15 शवों को बाहर निकाला,

# पापुआ न्यू गिनी में दंगे और लूटपाट, 15 लोगों की मौत, वेतन विवाद को लेकर पुलिस की हड़ताल



**पोर्ट मोरेस्बी, एजेंसी।** पापुआ न्यू गिनी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी और देश के दूसरे सबसे बड़े शहर 'लाए' में दंगा भड़कने और अशांति के कारण 15 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वेतन विवाद पर पुलिस की हड़ताल के बाद दुकानों और कारों में आग लगा दी गई और सुपरमार्केट लूट लिए गए। उन्होंने बताया कि बुधवार को पुलिस की अनुपस्थिति ने शहर के बाहरी इलाके के लोगों को दुकानों में तोड़फोड़ करने और बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया। पापुआ न्यू गिनी में वेतन विवाद के अलावा बढ़ती महंगाई और उच्च बेरोजगारी के कारण भी बड़े पैमाने पर तनाव व्याप्त है।

प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने गुरुवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए इन घटनाओं के लिए माफी मांगी, लेकिन कहा कि अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनता से कहा, "कानून तोड़ने से कुछ खास नतीजे नहीं मिलते।" देश में सैनिकों की तैनाती और पुलिस के फिर से ड्यूटी पर लौटने के बाद बुधवार शाम तक हिंसा की अधिकतर घटनाओं पर रोक लगा दी गई थी। श्री मारापे ने स्वीकार किया कि स्थिति अब भी तनावपूर्ण है। पोर्ट मोरेस्बी जनरल अस्पताल ने राजधानी में आठ मौतों की पुष्टि की है, जबकि लाए शहर में सात अन्य लोगों की मौत की सूचना मिली है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी के जिला गवर्नर पॉवेस पाकोप ने बुधवार को एक रेडियो संबोधन में कहा, "हमने अपने शहर में अभूतपूर्व स्तर का संघर्ष देखा है, कुछ ऐसा जो हमारे शहर और हमारे देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ।"उन्होंने कहा कि लूटपाट बड़े पैमाने पर 'अवसरवादियों' द्वारा की गई थी। यह भी दर्ज किया गया कि कुछ हिंसा पुलिस प्रदर्शनकारियों द्वारा की गयी थी। हिंसा तब भड़की, जब पुलिस और अन्य सरकारी सेवकों ने अपने नवीनतम वेतन में 50 प्रतिशत तक की कटौती के विरोध में संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वेतन में कटौती एक कंप्यूटर गड़बड़ी के कारण हुई त्रुटि थी झ जिसने लोक सेवकों के वेतन से 100 डॉलर तक की कटौती की थी। उन्होंने कहा कि अगले महीने के भुगतान में प्रशासनिक त्रुटि को ठीक कर लिया जाएगा। लेकिन इस जवाब को कई प्रदर्शनकारियों ने स्वीकार नहीं किया और उनमें से कुछ ने संसद में घुसने की कोशिश की। फुटेज में प्रदर्शनकारियों को प्रधानमंत्री के परिसर के बाहर एक कार में आग लगाते और एक गेट को तोड़ते हुए दिखाया गया है।

## बरेली को विशिष्ट पहचान देगा नाथ कॉरिडोर : योगी

**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बरेली में निर्माणाधीन नाथ कॉरिडोर शहर को एक विशिष्ट पहचान देगा। मुख्यमंत्री ने यहां सर्किट हाउस में नाथ कॉरिडोर परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी शहर या जनपद जब तक अपनी पहचान को स्थान नहीं देगा तब तक वह समृद्ध नहीं हो सकता है। नाथनगरी बरेली में निर्माणाधीन नाथ कॉरिडोर की सड़कों को चार लेन के लिए बनाया जाए और कॉरिडोर पर स्थित भूमि का व्यवसायिक उपयोग भी किया जाए, जिससे प्राधिकरण व नगर निगम की आय में भी वृद्धि हो।

उन्होंने कहा कि बरेली की पहचान भगवान शिव को बरेली में विशेष महत्व दिया जाना बहुत आवश्यक है। विकास कार्यों से प्रभावित मंदिर के लोगों के साथ बैठकर आपसी सहमति से मूल मंदिर व उसके मुख्य मन्दिर के अतिरिक्त अन्य मन्दिरों को शास्त्रीय पद्धति से स्थानान्तरित किया जाए, जैसे बनारस में किया गया है और मन्दिर परिसरों को वैदिक पद्धति पर विकसित किया जाए।

## ओपीएस बहाली समेत 12 मांगों को लेकर 22 जनवरी से राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेंगे बिजली कर्मचारी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** विद्युत कर्मी बिजली निजीकरण के प्रयासों के खिलाफ, सभी को वहनीय दरों पर बिजली उपलब्ध करवाने तथा ठेका कर्मियों के नियमितीकरण , पुरानी पेंशन बहाली, खाली पदों पर स्थायी भर्ती करने आदि 12 सूत्रीय मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी 22 जनवरी से राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने गुरुवार को यहाँ जारी बयान में बताया कि कर्मचारियों ने यह फैसला फैसला 9-10 जनवरी को ईईफआई की हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में लिया गया।उन्होंने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में मांग पत्र को लेकर 22 जनवरी से पांच फरवरी तक राज्य, जिला, सर्कल, डिवीजन और सब डिवीजन की बैठकें आयोजित की जाएंगी। दूसरे चरण में नौ फरवरी को सभी सर्कल एवं डिवीजनों पर प्रदर्शन किए जाएंगे और तीसरे चरण में 16 फरवरी को बड़ी विरोध कार्यवाहियों के लिये बिजली कर्मचारी भारी संख्या में सड़कों पर उतरेंगे।



## दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट में बढ़ा भारत का कद, शीर्ष पायदान पर 6 देश काबिज

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट वाले देशों की सूची जारी हो गई। इस बार शीर्ष पायदान पर एक नहीं बल्कि 6 देश काबिज हैं। ये देश अपने नागरिकों को 194 स्थानों पर वीजा फ्री एंट्री की ताकत रखते हैं। वहीं, इस लिस्ट में अब भारत का कद भी बढ़ा है। भारत 80वें स्थान पर पहुंच गया है। 2023 में भारत लिस्ट में 83वें स्थान पर था। लिस्ट में भारत के साथ 80वें स्थान पर उज्बेकिस्तान का नाम भी शामिल है। वहीं, लिस्ट में भारत का पड़ोसी पाकिस्तान शीर्ष 100 देशों में भी शामिल नहीं है।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि०/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सं. और कार्य का विवरण | 05-ST-Sig-MB-Umbrella-21<br>1. ऑग्मेंटेशन एंड ऑग्मेंटेशन ऑफ डाटा लॉगर सिस्टम्स ओवर मुरादाबाद डिवीजन।<br>05-SNT-Sig-MB-2022-23<br>2. प्रोविजन ऑफ एस एस डी ए सी/एम एस डी ए सी इन lieu ऑफ ओवरएज्ड यूनिवर्सल एक्सेल काउंटर इन मुरादाबाद नजीबाबाद सेक्शन ऑफ मुरादाबाद डिवीजन। | |
| अनुमानित लागत (₹) | 1. ₹2,48,09,585.55 | 2. ₹3,52,55,778.11 |
| अग्रिम धन (₹) | 1. ₹2,74,100/- | 2. ₹3,26,300/- |
| निविदा फॉर्म की लागत (₹) | क्र.सं. 1. व 2 के लिए | NIL |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय | क्र.सं. 1. व 2 के लिए: 02.02.2024 को15:00 बजे | |

नोटः निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: 10RT/05RT/SNT/SIG/MB/UMBRELLA दिनांक: 10.01.2024 123/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## ब्रिटेन यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह और ऋषि सुनक में रक्षा संबंधों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट लंदन में ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक बुधवार को हुई, जिसके दौरान सिंह ने संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण क्षमता निर्माण, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में अंतर-संचालनीयता और सैन्य-से-सैन्य संबंधों में वृद्धि के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में हालिया वृद्धि को याद किया। अधिकारियों ने कहा, सुनक व्यापार रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ब्रिटेन और भारत के काम करने की आवश्यकता पर राजनाथ सिंह से पूरी तरह सहमत थे। विशेष रूप से उन्होंने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता को लेकर आशा व्यक्त की है कि वार्ता को जल्द ही एक सफल निष्कर्ष पर लाया जा सकता है।

रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के एक अधिकारी ने कहा, सुनक ने भारतीय समकक्ष संस्थाओं के साथ मजबूत व्यापार और प्रौद्योगिकी साझेदारी के लिए सरकारी समर्थन सहित द्विपक्षीय संबंधों के रक्षा और सुरक्षा स्तंभ को मजबूत करने के लिए अपनी और अपनी सरकार की उत्सुकता को भी रेखांकित किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र सहित रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों पर जोर दिया।

अधिकारी ने कहा कि बैठक गर्मजोशीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रही, रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दोनों देशों के नेताओं के निर्देशन में ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी में ढालने और फिर से तैयार करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

## राम मंदिर निमंत्रण को अस्वीकार करना कांग्रेस की विकृत मानसिकता : जोशी

**जयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने प्रभु श्रीराम को देश और दुनिया के करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा है कि अयोध्या में रामलला स्थापना आयोजन को भाजपा का बताकर इसका निमंत्रण अस्वीकार करना कांग्रेस की विकृत मानसिकता को दर्शाता है।ोशी ने बुधवार को अपने लोकसभा क्षेत्र के प्रतापगढ़ जिले के दौरे के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच केन्द्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार में जब रामसेतु का विषय आया तो कांग्रेस ने उच्चत्तम न्यायालय में हलफनामा देकर कहा कि राम कभी पैदा नहीं हुए राम काल्पनिक है। उन्होंने कहा कि जो राम के नहीं हो सकते वो किसी काम के नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के अंतिम समय में भी राम नाम उनके मुख से निकला। अयोध्या में रामलला स्थापना आयोजन को भाजपा का बताते हुए अस्वीकार करना कांग्रेस की विकृत मानसिकता को दर्शाता है।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**अधिसूचना**

**विषयः- सेवाओं की अवश्यक्ताओं में सेवा निवृत रेल कर्मचारियों की री-इंगेजमेंट गति शक्ति यूनिट मुरादाबाद में।**

रेलवे बोर्ड के पत्र सं 2021/W-I/Genl/Gati Shakti dated 27/7/2022 एवम महा प्रबंधक उत्तर रेलवे बड़ोदा हाउस नई दिल्ली के पत्रांक 831-E/0/169/2V/EIV/Gati Shakti dated 07/9/2022 के अन्तर्गत यह विनिशचय किया गया है कि विभिन्न पदों में रेल सेवा से सेवा निवृत्त कर्मचारियों को रि-इंगेज किया जाना है निम्न प्रकार है :-

| क्रम सं | विभाग | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | जी0एस0यू0/ प्रशासन/एम0बी0 | सी0ए0/स्टेनोग्राफर | 01 |
| | | कार्यालय अधीक्षक/स्थापना | 01 |
| | | कार्यालय अधीक्षक | 01 |
| | | यातायात पर्यवेक्षक | 01 |
| 2 | जी0एस0यू0/अभियांत्रिकी /एम0बी0 | एस0एस0इ0/कार्य | 01 |
| | | एस0एस0इ0/पी0वे0 | 01 |
| | | एस0एस0इ0/ड्राइंग | 02 |
| 3 | जी0एस0यू0/सिगनल एवं टेलीकॉम/एम0बी0 | एस0एस0इ0/सिगनल | 05 |
| | | एस0एस0इ0/टेलीकॉम | 01 |
| | | एस0एस0इ0/ड्राइंग | 01 |
| | | कुल | 15 |

अभ्यावेदनो को जमा करने की अंतिम तिथि 09.02.2024 है। अंतिम तिथि 09.02.2024 के बाद प्राप्त अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा, अभ्यावेदन निर्धारित प्रपत्र पर भरा हुआ मान्य होगा।

अन्य विस्तृत सुचना एवं जानकारी के लिए N.Rly. webSite https://nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। 134/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सुनील गावस्कर ने भारतीय खिलाड़ी की शान में गढ़े कसीदे



नई दिल्ली। जून में होने वाला कप अब नजदीक आता जा रहा है। ऐसे में टीम इंडिया की तैयारियों पर भी सबकी नजरें हैं। अगर हम विकेटकीपर की बात करें तो भारत के पास बहुत सारे ऑप्शन हैं।

**ईशान किशन और राहुल की हुई छुट्टी**

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज कल्लि५२ ऑ से पहले ईशान किशन और केएल राहुल को आराम दिया है। संजू सैमसन और जितेश शर्मा को मौका दिया गया है। अब टीम इंडिया के महान पूर्व खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि अगर ऋषभ पंत फिट है तो वर्ल्ड कप के लिए वह सेलेक्टर्स की विकेटकीपर के रूप में पहली पसंद होने चाहिए।

**गावस्कर ने की पंत की तारीफ**

गावस्कर ने खिलाड़ी की तारीफ करते हुए कहा कि मैं राहुल को विकेटकीपर के रूप में देखता हूं, लेकिन इससे पहले मैं एक बात कहूंगा। अगर ऋषभ पंत एक पैर पर फिट हो जाते हैं तो उन्हें मैच में आना चाहिए। गावस्कर ने कहा कि पंत हर फॉर्मेट में गेम चेंजर हैं।

**अगर गावस्कर सेलेक्टर होते**

अगर मैं सेलेक्टर होता तो मैं सबसे पहले उनका नाम रखता। अगर पंत फरुँ ढंल३ उपलब्ध नहीं हो पाते तो केएल राहुल को विकेटकीपिंग के लिए रखना चाहिए। इससे टीम में संतुलन बनेगा। इससे आपके पास राहुल को ओपनर के रूप में खिलाने का मिडिल ऑर्डर में नंबर 5 या 6 पर फिनिशर के रूप में खिलाने का भी अच्छा ऑप्शन है।

**जितेश शर्मा बेहतरीन फिनिशर**

गावस्कर ने कहा कि खिलाड़ियों के बीच कॉम्पिटिशन अच्छा है। सभी तीन खिलाड़ी बेहतर हैं। हमने जितेश शर्मा को देखा है। वह एक बेहतरीन स्ट्राइकर और फिनिशर हैं।

# रियान पराग के लिए बड़ी बात बोल गए आर अश्विन

## कहा– अभी भी एक युवा खिलाड़ी है जो बेहतर हो रहा

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने रियान पराग को लेकर बड़ा बयान दिया है। रियान पराग के घरेलू प्रदर्शन को देखते हुए अश्विन का मानना है कि वह अभी युवा हैं, जो बेहतर हो रहे हैं। उन्होंने रियान पराग की अलोचना करने वालों को जवाब दिया।

अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए आर अश्विन ने कहा कि रियान पराग अभी भी यंग हैं। उनके पास बेहतर बनने का अवसर है। अश्विन का यह बयान तब आया जब रियान के प्रदर्शन पर लोगों ने सवाल उठाए। अश्विन ने अलोचना करने वालों को जवाब दिया।

**अलोचना करने वालों को अश्विन ने दिया जवाब**

अश्विन ने कहा, आईपीएल 2023 में खराब प्रदर्शन के बाद रियान पराग की अलोचना की गई। हम भूल गए कि वह अभी युवा क्रिकेटर हैं, जो बेहतर हो रहा है। पराग ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में असम के लिए उपयोगी पारियां खेली हैं। रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के खिलाफ 155 रन अपनी काबिलियत साबित की है।





रियान पराग की पारी से हुए प्रभावित

अश्विन ने आगे कहा, पराग ने परिस्थितियों को समझते हुए अपना स्वाभाविक खेल खेला। टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों के फेल होने के बाद रियान पराग ने कमान अपने हाथ में ली। यह दर्शाता है कि पराग टीम की जरूरत को समझते हैं।

रणजी ट्रॉफी के इतिहास में जड़ा दूसरा सबसे तेज शतक

बता दें कि 22 साल के इस युवा खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ने का कारनामा किया है। रियान पराग ने 87 गेंद का सामना करते हुए 155 रन की ताबड़तोड़ शतकीय पारी खेली। इस पारी के दौरान रियान पराग ने 12 छक्के और 11 चौके जड़े। इससे पहले 2016 में ऋषभ पंत ने 48 गेंद पर शतक जड़ने का कमला किया था।

# पाकिस्तानी गेंदबाजों की रफ्तार में कमी देख आगबबूला हुए शाहीन अफरीदी




नई दिल्ली। पाकिस्तान की टीम एक समय खूंखार गेंदबाजों के लिए जानी जाती थी। वसीम अकरम, वकार यूनिस और शोएब अख्तर जैसे तेज गेंदबाजों के आगे बड़े-बड़े बल्लेबाज घुटने टेकते हुए नजर आते थे, लेकिन आज पाकिस्तानी गेंदबाजों की रफ्तार में कमी देखने को मिल रही है, जिसकी वजह से टीम की ताकत अब कमजोरी बनती हुई नजर आ ही है।

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई और कंगारू टीम ने सीरीज में मेहमानों का 3–0 से सूपड़ा साफ किया। इस हार के बाद पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है, जिससे पहले टी20 टीम के नए कप्तान शाहीन अफरीदी ने एक बड़ा बयान दिया है।

शाहीन अफरीदी ने मैच से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों को जमकर लताड़ लगाई और कहा कि ये देखकर मैं हैरान हूं कि स्पीड गन ने 132–133 किमी प्रति घंटे के आसपास दिखाई दी, जबकि आमतौर पर ये गति 140 प्लस से गेंदबाजी करते हैं।

**पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों की रफ्तार पर कह दी बड़ी बात**

दरअसल, शाहीन अफरीदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि ईमानदारी से कहूं तो पहले तो हम खुद अगर गेंदबाजी कर रहे थे, तो ना तो बोर्ड देख रहे थे यार, क्या तुम सच में हम यहीं हैं? क्योंकि , पता नहीं चला जो बॉडी शुरू से गेंदबाजी कर रही है और वह 132–33 की रफ्तार से गेंदबाजी करेंगे। हम खुद हैरान थे। क्या पहले से ही कुछ तय हुआ है कि इस गति से ज्यादा नहीं होगा?

इसके साथ ही शाहीन अफरीदी ने टी20आई फॉर्मेट में पाकिस्तानी की कप्तानी मिलने के बाद खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत रोमांचक चुनौती और गर्व का पल है। आसान नहीं है, पहली बार कप्तानी करना।

नई चुनौती के साथ वो भी न्यूजीलैंड में ये जिम्मेदारी उठाना देखने लायक रहेगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ हमारा ट्रैक रिकॉर्ड बहुत अच्छा है, लेकिन वे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।

# क्रिकेट मैच के दौरान रन लेते हुए खिलाड़ी को आया हार्ट अटैक, पिच पर तोड़ा दम



नोएडा ,एक्सप्रेस-वे कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-135 स्थित ग्राउंड पर क्रिकेट खेल रहे एक इंजीनियर की मौत हो गई। वह जैसे ही रन लेने के लिए दौड़े तो बेहोश होकर जमीन पर गिर गए।

पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा स्वजन को सौंप दिया है। कोतवाली प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि मूलरूप से उत्तराखंड के 36 वर्षीय विकास नोएडा की एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। रविवार को वह अपने साथियों के साथ सेक्टर-135 के क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट मैच खेल रहे थे। इसी दौरान रन लेने के लिए भाग रहे विकास अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। साथी खिलाड़ी उन्हें उपचार के लिए जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना स्वजन को दी। खेलते समय विकास की आकस्मिक मौत से उसके स्वजन व साथी हैरान हो गए। मौत का कारण जानने के लिए शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से मौत होना बताया गया है। वहीं स्वजन ने पुलिस को बताया कि पूर्व में विकास को कोरोना हुआ था। फिलहाल विकास का शव स्वजन को सौंप दिया है।

# दिग्गजों ने किया खिलाड़ियों का चुनाव

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन जून के महीने में अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होना है, जिसके लिए सभी टीमें अपनी तैयारियों में लगी हुई है।

इस बड़े इवेंट से पहले दिग्गजों ने भी अपनी प्रतिक्रिया देने का सिलसिला शुरू कर दिया है। इस कड़ी में भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डीविलियर्स ने खिलाड़ियों का चुनाव करते हुए बड़ी भविष्यवाणी की है। इन दिग्गजों ने अपने बयान में ये बताया है कि टीम इंडिया के लिए कौन–सा खिलाड़ी एक्स फैक्टर साबित हो सकता है?

कौन होगा भारत का एक्स फैक्टर, दिग्गजों ने दी अपनी प्रतिक्रिया

दरअसल, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने हाल ही में टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत के एक्स फैक्टर प्लेयर विकेटकीपर बैटर संजू सैमसन को बताया है। रैना का मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए संजू सैमसन भारत के लिए एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं।




रैना ने संजू सैमसन के हालिया प्रदर्शन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि संजू ने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा और वह निश्चित तौर पर एक बेहतरीन कैप्टेंसी मैटेरियल हैं। उन्हें जब–जब मौके मिले हैं उन्होंने प्रदर्शन कर दिखाया है। साथ ही रैना ने कहा कि भारत के पास विकेटकीपर बल्लेबाजों की भूमिका के लिए काफी विकल्प हैं। केएल राहुल, ईशान किशन और ऋषभ पंत (जब वह फिट होंगे) तो ये बड़ी कॉल होगी, लेकिन मैं संजू सैमसन को मिडिल ऑर्डर में रखूंगा। संजू के पास शानदार पिकअप शॉट हैं। मुझे लगता है कि आईपीएल, सेलेक्शन में बड़ा रोल निभाएगा, लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज में खुद को साबित करने का संजू के पास शानदार मौका है।

रैना के अलावा साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डीविलियर्स ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को सपोर्ट करते हुए कहा कि मैं कोहली–रोहित को टी20 टीम में वापसी करता हुआ देख बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं। अगर आपको टी20 विश्व कप के लिए अपनी बेस्ट टीम चाहिए ताकि आप ट्रॉफी जीत सके, तो आपको अनुभवी प्लेयर्स को रखना जरूरी होगा। विराट और रोहित के साथ काम करना एक अच्छा कदम होगा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com